दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 293
कोटद्वार गुरूवार
2 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# मुख्यमंत्री ने की समूह ग परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त करने की घोषणा

## साक्षात्कार में 40 प्रतिशत से कम और 70 प्रतिशत से अधिक नंबर देने पर देना होगा स्पष्टीकरण

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि समूह 'ग' की कोई भी परीक्षा चाहे वह लोक सेवा आयोग से बाहर की हो या लोक सेवा आयोग के द्वारा कराई जा रही हो। सभी परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाय। इसमें तकनीकी और गैर तकनीकी पद भी सम्मिलित होंगे अर्थात् जेई जैसे तकनीकी पदों में भी साक्षात्कार की व्यवस्था पूर्ण रूप से समाप्त कर दी जाएगी। उच्च पदों में जहां साक्षात्कार आवश्यक हो, जैसे– पीसीएस या अन्य उच्च पद वहां भी साक्षात्कार का प्रतिशत कुल अंकों के 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं रखा जाएगा। साक्षात्कार के अकों को भी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार में किसी भी अभ्यर्थी को यदि 40 प्रतिशत से कम और 70 प्रतिशत से अधिक दिए जाते हैं तो साक्षात्कार लेने वाले व्यक्ति या बोर्ड को इसका स्पष्ट कारण बताना होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को रामलीला मैदान, हल्द्वानी में नकल विरोधी कानून लागू करने के उपलक्ष में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित आभार रैली में प्रतिभाग कर जनसभा को संबोधित किया। हजारों की संख्या में मौजूद युवाओं का अभिनंदन स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हल्द्वानी में युवाओं द्वारा किए गए इस भव्य स्वागत से मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत के दम पर परीक्षा देने वाले नौजवान के हक पर कोई डाका न डाले सके। युवाओं के हिस्से की सफलता का कोई और लाभ न उठा सके इसके लिए राज्य सरकार कड़े से कड़ा कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इन्हीं कदमों के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सरकार ने देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून बनाया है। ये कानून नकल माफिया को काल कोठरी के अंदर तक ले जायेगा। राज्य सरकार किसी भी युवा साथी के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के लिए राज्य की जनता सर्वोपरि है और हमारा हर एक फैसला जन भावनाओं के आधार पर लिया जा रहा है। समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाए जाने पर कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि आने वाला बजट युवा और रोजगार केंद्रित बजट हो। हम ऐसा बजट लाने का प्रयास करेंगे जो प्रदेश के युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप होगा। हम आने वाला बजट में प्रदेश की माताओं और बहनो को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेंगे और प्रदेश के किसानों को खुशहाली प्रदान करने का भी प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में लागू किए गए नकल विरोधी कानून का कठोर निर्णय नकल माफियाओं को नेस्तनाबूद करने का काम करेगा। पहली बार नकल करने वालों, कराने वालों और प्रक्रियाओं को सही प्रकार से लागू न करने वालों को जेल की काल कोठरी में डालने का काम किया है।

उन्होंने कहा वर्तमान में भर्ती घोटाले की जो भी जाँच हमारी सरकार करवा रही है वह जाँच निष्पक्ष हो और किसी भी माफिया या अपराधी को छोड़ा न जाय यह सुनिश्चित करने के लिए मैं स्वयं निरन्तर जाँच और कार्यवाही का पर्यवेक्षण कर रहा हूँ।

जाँच में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे, कोई पक्षपात न हो, कोई माफिया या अपराधी छूटे नहीं, इसके लिए सरकार ने माननीय उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति से पूरी जाँच की निगरानी करने का अनुरोध भी किया है।

इस कानून में हमने प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल करवाने वाले और नकल करने वाले दोनों को ही कठोतम् सजा का प्रावधान किया है। जहाँ नकल में शामिल अपराधियों को आजीवन कार-ावास भी होगा, 10 करोड़ तक जुर्माना भी होगा और घोटाले से अर्जित सम्पत्ति को भी जब्त कर लिया जाएगा। सरकार ने हाल ही में पीसीएस परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का कार्य किया है, इस परीक्षा में करीब एक लाख से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक अरविंद पांडे, दीवान सिंह, मोहन सिंह बिष्ट, श्रीमती सरिता आर्या, राम सिंह कैड़ा, शिव अरोड़ा, त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत, भाजपा महामंत्री संगठन अजेय कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट, भा.ज.यु.मो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रामलीला मैदान, हल्द्वानी में जनसभा को संबोधित करते हुए।

## मुकेश अंबानी, अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र के घरों को बम से उड़ाने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र पुलिस ने अरबपति व्यवसायी मुकेश अंबानी, बलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन और फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र समेत मुंबई के अन्य प्रमुख लोगों के घरों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को पालघर शहर से गिरफ्तार किया है। पेशे से ड्राइवर यह व्यक्ति नागपुर का निवासी है और उसने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर दावा किया था कि आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए 25 हथियारबंद लोग मुंबई के दादर पहुंच चुके हैं। इसके बाद पुलिस की जांच शुरू हुई और कई टीमों का गठन किया गया।

पुलिस टीमों ने धमकी भरे कल मिलने के बाद दक्षिण मुंबई के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों के साथ-साथ सभी बंदरगाहों और लैंडिंग पइंट की तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस को जांच के दौरान कल करने वाले की पहचान नागपुर निवासी अश्विन भारत माहिस्कर के रूप हुई, जिसने पालघर जिले के दहानू रेलवे स्टेशन से काल किया था। बाद में उसे दहानू पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## जनता के साथ मिलकर हमने एक नया सुल्तानपुर बनाया: सांसद मेनका गांधी

**बल्दीराय/सुल्तानपुर , , एजेंसी ।** मां प्यार से बना जाता है उम्र से नहीं। मुझे जनता ने मां का प्यार इसलिए नही दिया कि हम उम्र में बड़े हैं या बड़े घराने से हैं।बल्कि हमने जनता से प्यार किया इसलिए मैं सबके लिए माँ जैसी हूँ। सांसद मेनका गाँधी ने खुद के दूसरे दल से चुनाव लडने की अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि मैं बीजेपी में हूँ और बीजेपी में रहूँगी।पार्टी के ऊपर है, मुझे टिकट दे या ना दें।हमने सुल्तानपुर शहर को खूबसूरत बनाने का काम किया।सांसद मेनका गांधी ने सुनाई शिक्षक और विद्यार्थी के बीच चोरी की कहानी। कहा, जब शिक्षक फोन की चोरी कर रहे है,तो परीक्षार्थियों और विद्यार्थियों को क्या नसीहत देंगे। मेनका गांधी की चेतावनी पर शिक्षक ने परीक्षार्थी को सेल फोन लौटाया। सांसद मेनका गांधी ने कूरेभार ब्लक के ग्राम पंचायतों में चौपाल आयोजित कर बांटा प्रधानमंत्री आवास स्वीति पत्र। बल्दीराय ब्लाक के हैधना कला व धनपतगंज ब्लाक के विसांवा गांव में सांसद का नागरिकों से आवाहन किया कि लेखपालों को रिश्वत देने के बजाय मेरे पास आइए, हम आपकी समस्या का समाधान करेंगे। सांसद को अपने बीच पाकर अपनेपन के एहसास से नागरिकों में उत्साह का माहौल रहा।

## ईडी ने हलाल निवेश योजना धोखाधड़ी मामले में चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने बेंगलुरु की एक विशेष अदालत में इंजाज इंटरनेशनल और उसके सहयोगियों मिस्बाहुद्दीन एस. और सुहैल अहमद शेरिफ के खिलाफ एक मामले में चार्जशीट दाखिल की है। मामला लोगों को हलाल निवेश योजना में निवेश का झांसा देकर ठगने से संबंधित है। आरोपी ने फर्म द्वारा पेश की गई योजना पर उच्च रिटर्न का वादा किया था।

हालांकि, वे जमाकर्ताओं द्वारा निवेश की गई मूल राशि को चुकाने में भी विफल रहे।

ईडी ने प्राइज चिट्स एंड मनी

## एलजी ने नहीं मंजूर किया सिसोदिया-सत्येंद्र जैन का इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मनीष सिसोदिया का इस्तीफा अस्वीकार कर दिया है। उनके कारण सत्येंद्र जैन का इस्तीफा भी स्वीत नहीं हो सका है। उपराज्यपाल ने इस्तीफों को अस्वीकार करने के साथ ही दोनों से विभागों की जिम्मेदारी ले ली है। उपराज्यपाल के दफ्तर से इस्तीफा अस्वीकार करने की वजहें भी बताई गई हैं।

उपराज्यपाल के दफ्तर से जो वजहें बताई गई हैं उनमें सिसोदिया के इस्तीफे पर तारीख न लिखा होना कहा जा रहा है। बताया गया कि मनीष सिसोदिया का इस्तीफा बिना डेट का है और सत्येंद्र जैन का 27 फरवरी को लिखा गया है। दोनों ही इस्तीफे एलजी को 28 फरवरी को भेजे गए।कहा जा रहा है कि सिसोदिया ने ये इस्तीफा जेल से तो टाइप नहीं किया होगा। तो क्या उन्होंने यह सीबीआई की पूछताछ पर जाने से पहले ही लिख दिया था। क्या जैन का प्लेन और हस्तलिखित इस्तीफा उसके बाद लिया गया है?

# गुजरात में बंद अतीक अहमद की सुप्रीम कोर्ट से गुहार, यूपी की जेल में न भेजा जाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद ने संरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। उमेशपाल हत्याकांड के बाद का-र्रवाई और भाजपा नेताओं के आक्रामक बयान के बीच अतीक अहमद का कदम सामने आया है। अतीक ने मांग की है कि उसे गुजरात से किसी दूसरे जेल में न भेजा जाए।

सपा के पूर्व नेता अतीक अहमद ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी सुरक्षा का अनुरोध करते हुए दावा किया कि उसे अपनी जान का खतरा है। इस समय अहमदाबाद केंद्रीय जेल में बंद अतीक अहमद ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया है कि पुलिस हिरासत या पूछताछ के दौरान उसे किसी भी तरह से शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचाया जाए। अतीक ने उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य को अहमदाबाद की केंद्रीय जेल से प्रयागराज या उत्तर प्रदेश के किसी अन्य हिस्से में उसे नहीं ले जाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया है।



बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके पुलिस सुरक्षाकर्मी संदीप निषाद की पिछले शुक्रवार को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल 2005 में प्रयागराज में हुई हत्या के मामले में मुख्य गवाह था, जिसमें अतीक अहमद और अन्य मुख्य आरोपी हैं।

अतीक ने दावा किया कि उसे और परिवार को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी बनाने की साजिश की जा रही है। उसे फर्जी मुठभेड़ में मारा जा सकता है। याचिका में अतीक अहमद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से विधानसभा के पटल पर माफियाओं को पूरी तरह से बर्बाद करने और नष्ट करने के लिए दिए गए बयान का हवाला दिया। उसने दावा किया कि पूरी संभावना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस उनकी ट्रांजिट रिमांड मांगेगी और उसे अहमदाबाद से प्रयागराज ले जाने के लिए पुलिस रिमांड भी मांगेगी।

याचिका में कहा गया है कि उमेश पाल की हत्या के बाद विपक्ष ने सदन में आग में ईंधन डाला। विपक्ष ने सीएम को यह कहने के लिए उकसाया कि माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा, क्योंकि याचिकाकर्ता सदन में बहस का मुख्य विषय था। याचिकाकर्ता को वास्तव में आशंका है कि उसे किसी न किसी बहाने से फर्जी मुठभेड़ में यूपी पुलिस द्वारा मारा जा सकता है।

याचिका उस दिन दायर की गई, जिस दिन प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अतीक अहमद के एक करीबी सहयोगी के घर को ध्वस्त कर दिया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के सचिव अजीत सिंह ने कहा कि जफर अहमद के घर पर बुलडोजर चला दिया गया है। अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पहले इसी घर में रहती थी। घर का निर्माण प्राधिकरण से नक्शा पारित किए बिना किया गया था। उस संबंध में एक नोटिस भी जारी किया गया था। इस बीच अतीक अहमद ने अपनी याचिका में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की और कहा कि उसे और परिवार के सदस्यों को कोई शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचाया जाए। अतीक ने उसे उत्तर प्रदेश राज्य या अहमदाबाद से प्रयागराज या उत्तर प्रदेश के किसी भी हिस्से में ले जाने से रोकने के निर्देश देने की मांग की है। उसने अनुरोध किया है कि यदि जरूरत पड़ने पर पूछताछ की नौबत आए तो अहमदाबाद की सेंट्रल जेल में या गुजरात पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय या अर्धसैनिक बलों के संरक्षण में अहमदाबाद में ही किसी अन्य स्थान पर की जाए। उसने अपने वकील को पूछताछ के दौरान उपस्थित रहने की अनुमति देने और केंद्रीय जेल अहमदाबाद से प्रयागराज ले जाने के लिए किसी भी अदालत द्वारा जारी किए गए वारंट को भी रद्द करने की मांग की है।

# दुनिया भर में तापमान में हो सकती है बढ़ोतरी, चेतावनी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने वैश्विक तापमान में संभावित वृद्धि की चेतावनी जारी की है। डब्ल्यूएमओ के महासचिव पेटेरी तालस ने कहा, अगर हम अब अल नीनो चरण में प्रवेश करते हैं, तो इससे वैश्विक तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। तालस ने कहा कि 21वीं सदी का पहला ट्रिपल डिप ला नीना खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा कि ला नीना के प्रभाव ने बढ़ते वैश्विक तापमान पर एक अस्थायी ब्रेक लगा दिया था।

बता दें कि डब्ल्यूएमओ की चेतावनी जारी होने से पहले, आईएमडी ने मंगलवार को कहा था कि मार्च से मई तक भारत के अधिकांश हिस्सों में स्थिति गंभीर होने की संभावना है। आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि फरवरी से अप्रैल तक ला नीना से ईएनएसओ (तटस्थ) होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि



ईएनएसओ-तटस्थ इस साल गर्मियों की शुरुआत में उत्तरी गोलार्ध में बना रहेगा। आईएमडी ने जून से अगस्त तक अल नीनो की स्थिति के करीब 50 प्रतिशत संभावना और जुलाई से सितंबर तक 60 प्रतिशत संभावना का संकेत दिया।

वहीं, विशेषज्ञों ने कहा कि भारत को जल्द से जल्द हीट एक्शन प्लान विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। विशेषज्ञों ने कहा, श्इस पूर्वानुमान को लेकर, राज्य सरकारों को तुरंत तैयारी करनी चाहिए। कुछ राज्य पहले ही ऐसा कर चुके हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन ने कहा कि कमजोर आबादी पर गर्मी का घातक प्रभाव पड़ सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली आनंद गिरि को राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार आनंद गिरि की जमानत रद्द कर दी है। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा है और कहा कि इस समय इस आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है।

सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील के साथ-साथ प्रतिवादी के लिए अतिरिक्त सलिसिटर जनरल की सारी दलीलें भी सुनी गई। उन्होंने कहा कि हमने याचिका के कागजात के साथ-साथ रद्द किए गए आदेश का भी दोबारा से अवलोकन किया है। पीठ ने कहा कि उन्हें कुछ समय तक सुनने के बाद हमें इस स्तर पर हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नजर नहीं आता है।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि परिस्थिति में बदलाव होता है या यदि मामले में ट्रायल कोर्ट के समक्ष उचित समय के अंदर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो याचिकाकर्ता दोबारा से निचली अदालत में जमानत के लिए याचिका दायर



कर सकते हैं। यदि इस तरह का आवेदन उस स्तर पर दायर किया जाता है, तो मौजूदा कार्यवाही को कानून के अनुसार आवेदन पर विचार कर सकते हैं।

आनंद ने 9 सितंबर, 2022 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें उन्होंने जमानत देने से इनकार कर दिया था।

याचिकाकर्ता ने अपनी जमानत याचिका में कहा था कि उसे मामले में झूठा फंसाया गया है। उसने दावा किया था कि कथित सुसाइड नोट में आनंद गिरि के नाम का उल्लेख किया गया था, वह नरेंद्र गिरि का नहीं था और इसमें कई कटिंग और ओवरराइटिंग थी। उन्होंने आगे कहा कि घटना के समय वह हरिद्वार में था और पुलिस ने उसे फोन पर सूचित किया। इससे पहले एक स्थानीय अदालत ने भी आनंद गिरि की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## त्वचा के रंग को लेकर लड़ पड़े दो पूर्व मंत्री, सदन में हंगामा

**तिरुवनंतपुरम(एजेंसी)।** केरल के दो पूर्व मंत्रियों ने बुधवार को राज्य विधानसभा में एक चर्चा में हिस्सा लेते हुए त्वचा के रंग को लेकर टिप्पणी की। पूर्व गृह मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता तिरुवंचूर राधाकृष्णन ने पिनाराई विजयन सरकार पर तीखा हमला किया, अनुभवी सीपीआई-एम विधायक एमएम मणि ने राधाकृष्णन पर पलटवार करते हुए कहा कि चूंकि उनके पास विजयन सरकार के खिलाफ बोलने के लिए कुछ भी नहीं है।

# नड्डा ने चामराजनगर में विजय संकल्प यात्रा को दिखाई झंडी

**चामराजनगर, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को चामराजनगर में विजय संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जेपी नड्डा ने कहा कि विजय संकल्प यात्रा कर्नाटक में चार स्थानों से शुरू होगी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 20 दिनों के अंदर इस यात्रा के माध्यम से हम 8 हजार किमी की यात्रा करेंगे।

जेपी नड्डा ने कहा कि जगह-जगह पर लोगों को जोड़ कर विजय संकल्प यात्रा में विजय



बोले- पीएम मोदी ने स्थापित किया नया आयाम

संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भाजपा आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि एक समय था जब जातिवाद, वोट बैंक और परिवारवाद को ध्यान में रखकर राजनीति होती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासके मंत्र को लेकर देश को एक सूत्र में पिरो कर विकास के नए आयाम को स्थापित करने का प्रयास किया है।

जेपी नड्डाने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की छवि बदली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं और वंचितों के लिए बेहतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अनुसूचित जनजाति से 12 केंद्रीय मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के लिए बजट को बढ़ाकर 190 प्रतिशत किया है।भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि 2013 में बजट 4295 करोड़ रुपये था, जिसे आज बढ़ाकर 12,461 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पिछड़ा वर्ग के लिए राष्ट्रीय आयोग को मोदी सरकार द्वारा संवैधानिक दर्जा दिया गया था। उन्होंने कहा कि नेशनल फेलोशिप योजना के तहत करीब 18 हजार लाभार्थियों को आर्थिक सहायता दी जा रही है।

# सड़क से नहीं जुड़ सका दशमरी गांव, डंडी कंडी के भरोसे बीमार और बुजुर्ग

## मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल है गांव के लिए स्वीकृत 4 किमी. सड़क का निर्माण

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** भले ही पर्वतीय क्षेत्रों के बेतर विकास के दावे किए जा रहे हो। लेकिन, धरातल की स्थिति कुछ ओर ही बयां कर रही है। हालत यह है कि द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत दशमरी गांव में आजादी के सात दशक बाद भी सड़क नहीं पहुंच सकी है। ग्रामीण दो किमी. की खड़ी चढ़ाई चढ़कर मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं। सड़क के अभाव में बुजुर्ग व बीमार लोगों को आज भी डंडी–कंडी के सहारे अस्पताल लाना ले जाना ग्रामीणों की मजबूरी बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल गांव के लिए चार किमी. सड़क का प्रस्ताव दो साल से शासन में धूल फांक रहा है।

ग्राम दशमरी की प्रधान सुजाता देवी, ग्रामीण अनिल सिंह, राजेंद्र सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह, शूर सिंह, पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह ने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने की मांग करते आ रहे हैं। ग्रामीणों की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने 14 दिसंबर 2020 को चैलूसैंण–देवीखेत मोटर मार्ग से दशमरी गांव तक 4 किमी. सड़क निर्माण की घोषणा की थी। लोनिवि की ओर से सड़क निर्माण के लिए 119.70 लाख का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया।

शासन ने मार्च 2021 में सड़क निर्माण के प्रथम चरण की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी थी, लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है।

सड़क के अभाव में ग्रामीण दो किमी. की खड़ी चढ़ाई चढ़कर बिसकोटी तोक स्थित मुख्य सड़क तक पैदल आवाजाही करने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों, प्रसव वाली महिलाओं और बच्चों को हो रही है।

बीमार लोगों को डंडी–कंडी के सहारे मुख्य सड़क तक पहुंचाया जा रहा है। गांव में वर्तमान में 80 परिवारों की 400 आबादी निवास करते हैं। ग्रामीणों ने लोनिवि लैंसडौन के अधिकारियों से मार्ग निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

शासन के निर्देश पर संशोधित दरों पर पुनः 129.80 लाख की डीपीआर तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई है। बजट अवमुक्त होने पर सड़क कटिंग का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

**...आलोक जैन, सहायक अभियंता लोनिवि लैंसडौन।**

# नौ करोड़ 70 लाख की सड़क, फिर भी टूट रही चालक व यात्रियों की कमर

◆बदहाल स्थिति में पड़ा है बंजादेवी-पाणीसैंण-मैंदणीसारी मोटर मार्ग
◆मार्ग पर बनें गड्ढों की चपेट में आने से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : सरकारी सिस्टम किस तरह सरकारी धन का दुरुपयोग करता है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रिखणीखाल प्रखंड के बंजादेवी–पाणीसैंण–मैंदणीसारी मोटर मार्ग पर देखने को मिल रहा है। नौ करोड़ 70 लाख की लागत से बनाया गया यह मार्ग वर्तमान में पूरी तरह खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुका है। 25 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर डामर खोजना भी एक चुनौती बन गया है। मार्ग पर जगह–जगह बने गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों को जख्म दे रहे है। बावजूद सरकारी सिस्टम गहरी नींद से जागने को तैयार नहीं है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कार्यालय (सिंचाई खंड) कोटद्वार को वित्तीय वर्ष 2015-16 में बंजा देवी–रिखणीखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए नौ करोड़ 70 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। 23 जुलाई 2015 से निर्माण कार्य शुरू किया गया था। वर्ष 2018 तक विभाग ने 25 किलोमीटर लंबे मार्ग का मरम्मत कार्य पूर्ण कर दिया था। लेकिन, छह वर्षों में ही मार्ग बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद रावत ने बताया कि निर्माण के तहत कार्यदायी संस्था को पहले सड़क पर मिट्टी बिछानी थी व उसके बाद डामर की अलग–अलग परतें बिछानी थी। लेकिन, निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता के कारण उक्त मार्ग बदहाल हो चुका है। क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्तिया विनीता ध्यानी ने बताया कि दियोड़ से आगे डेढ़ सौ मीटर तक मार्ग पूरी तरह नाले में तब्दील हो गया है। बरसात के दौरान मार्ग पर सफर करना भी मुश्किल हो जाता है।


रिखणीखाल प्रखंड में बदहाल स्थिति में पड़ा बंजादेवी—पाणीसैंण—मैंदणीसारी मोटर मार्ग

## निर्माण के दौरान भी उठे थे सवाल

मार्ग निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने उसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे। यही नहीं ग्रामीणों ने कुछ दिन के लिए निर्माण कार्य भी रूकवा दिया था। आरोप था कि विभाग सड़क पर हल्की मिट्टी बिछाकर केवल नाममात्र का ही डामर बिछा रहा है। जिससे यह अधिक समय तक नहीं टिक पाएगा। आरोप है कि ग्रामीणों के सवाल खड़े करने के बाद भी विभाग ने लापरवाही दिखाई। नतीजा आज करोड़ों की सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

बंजादेवी–मैंदणीसारी मोटर मार्ग बदहाल होने की जानकारी मिली है। मार्ग पर ठंड खत्म के बाद पेचवर्क करवाया जाएगा। जल्द ही मार्ग पर स्कवर मरम्मत का कार्य भी शुरू होना है।
**...जन्मेजय भट्ट, अधिशासी अभियंता, पीएमजीएसवाई**

## बेहतर जीवन जीना सीखाता है एनएसएस

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल के स्वयं सेवियों की ओर से क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि एनएसएस हमें बेहतर जीवन जीने की सीख देता है।

ग्राम सभा सुंद्रोली में आयोजित महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाध्यापक विजय पाल सिंह व कार्यक्रम अधिकारी डा. महेश चंद्र आर्य ने किया।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को बेहतर जीवन व्यापन के तीरके बताता है। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध होती है। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने गांव के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया।

साथ ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में लगाए गए पौधों की निराई गुड़ाई भी की। इस मौके पर ग्राम प्रधान महावीर सिंह, डा. भारती, डा. मनोज नौटियाल, डा. मीरा, डा. विपिन तिवारी आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने बालिकाओं को दी साइकिल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : रोटरी क्लब की ओर से रोटरी दिव्य बालिका योजना के तहत आर्य कन्या इंटर कालेज में पढ़ने वाली पांच बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। इस दौरान क्लब ने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी बालिकाओं की मदद के लिए आगे आने की अपील की। कहा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक बच्चें को बेहतर शिक्षा मिल सकें इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की मंडलीय चेयरमेन अनीता चावला ने किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए क्लब रोटरी दिव्य बालिका योजना चला रहा है। इसके तहत आर्य कन्या इंटर कालेज की पांच छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कहा कि साइकिल उपलब्ध होने के बाद बालिकाओं को स्कूल आवाजाही करने में आसानी होगी। साथ ही उनका समय भी बचेगा। राजकीय बालिका इंटर कालेज लालपानी में भी एक बालिका को साइकिल दी गई। इस मौके पर विपिन बक्शी, वाईपी गिलरा, विजय कुमार माहेश्वरी, सचिव ऋषि ऐरन, मनीष अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, धीरजधर बछवाण, दीपक भाटिया, कुलदीप अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, डीपी सिंह, गोपाल बंसल, शिल्पी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को साइकिल देते क्लब के सदस्य

## अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश


कोटद्वार राजकीय बेस चिकित्सालय का निरीक्षण करते सीएमएस

### सीएमएस डॉ. विजयेश भारद्वाज ने किया बेस अस्पताल का निरीक्षण

**कोटद्वार** : राजकीय बेस चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. विजयेश भारद्वाज ने स्वास्थ कर्मियों व चिकित्सकों को बेस अस्पताल में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि प्रत्येक मरीज को बेहतर सुविधाएं मिल सके इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

डा. विजयेश भारद्वाज ने बेस अस्पताल के आपातकालीन कक्ष के साथ सभी ओपीडी व वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकें इस्के लिए व्यवस्थाओं को सुधार के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। चिकित्सकों के साथ ही स्वास्थ्य कर्मचारियों को व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि अपने कार्यों में लापरवाही दिखाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान उन्होंने राजकीय बेस चिकित्सालय के वार्ड में भर्ती मरीजों का भी हाल जाना। कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर मरीज व उनके तीमारदार उनसे संकर्प कर सकते हैं। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को भी सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने के निर्देश दिए।

## छात्राओं ने पौड़ी परिसर का किया भ्रमण

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ल्वाली की कक्षा 9वीं व 10की छात्राओं के दल ने हेमवंती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में रसायन, भौतिक, जीवविज्ञान की प्रयोगशालों का भ्रमण किया। इस दौरान परिसर के निदेशक डा. प्रभाकर बड़ोनी, डा. गौतम कुमार, डा. सविता, डा. बीपी बलोदी, डा. सुनील कुमार, डा. अरूण रावत ने छात्राओं को प्रयोगशाला संबंधित उपकरणों की जानकारी दी। भ्रमण दल की शिक्षिका नमिता रावत, निशा चौधरी ने बताया कि छात्राओं ने विकास भवन में स्थित कृषि, उरेडा, समाजकल्याण, बालविकास आदि विभागों का भ्रमण कर भी जानकारी जुटाई।

## लंबी कूद में अशफाक व सपना रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के वार्षिक क्रीड़ा समारोह के पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान लंबी कूद में अशफाक व सपना ने अपने–अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार का स्वागत क्रीड़ा प्रभारी डॉ. संजीव कुमार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट करके एवं क्रीड़ा संयोजक डॉ. हीरा सिंह के द्वारा बैज अलंकृत करके किया गया। समस्त संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बीएड) एवं एनसीसी, रोवर्स रेंजर्स, बायोटेक के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार द्वारा किया गया। लंबी कूद (छात्र/छात्राएं) में प्रथम स्थान सपना रावत, द्वितीय स्थान श्रुति गोसाई, तृतीय स्थान अपूर्वा रावत एवं छात्र वर्ग में प्रथम अशफाक अली, द्वितीय हर्ष कुमार, तृतीय सागर सिंह बिष्ट, गोला प्रक्षेप (छात्र) प्रथम कुलदीप कुमार, द्वितीय ऋषभ हिन्दवान, तृतीय दीपक, गोला प्रक्षेप (छात्राएं) प्रथम प्रेरणा नेगी, द्वितीय श्रुति गोसाई, तृतीय रेशमा, 1500 मीटर दौड़ छात्र वर्ग प्रथम मोहित नेगी, द्वितीय विकास कुमार, तृतीय सौरव सिंह, छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्रिया रावत, द्वितीय स्थान प्रिया, तृतीय स्थान सोनाली पंत, ऊंची कूद छात्रा वर्ग प्रथम स्थान अपूर्वा रावत, द्वितीय आरती रावत एवं तृतीय स्थान ईशा व मंजू, चक्का प्रक्षेप छात्र वर्ग प्रथम स्थान कुलदीप कुमार, द्वितीय स्थान गौरव सिंह, तृतीय स्थान विनय ध्यानी, 200 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग प्रथम स्थान प्रेरणा नेगी, द्वितीय स्थान अंजली, तृतीय स्थान सपना रावत, 200 मीटर दौड़ छात्र वर्ग प्रथम स्थान अशफाक अली, द्वितीय स्थान आशिफ अली, तृतीय स्थान मोहित नेगी, ऊंची कूद छात्र वर्ग प्रथम स्थान अमित बडोला, द्वितीय स्थान हर्ष कुमार, तृतीय स्थान सागर सिंह बिष्ट, चक्का प्रक्षेप छात्रा वर्ग प्रथम स्थान श्रुति गुसांई, द्वितीय स्थान रेशमा, तृतीय स्थान ईशा नेगी, उछल कदम कूद छात्र वर्ग प्रथम स्थान सागर सिंह, बिष्ट द्वितीय स्थान अशफाक अली, तृतीय स्थान हर्ष कुमार, 5000 मीटर दौड़ छात्र वर्ग प्रथम व द्वितीय हसीन, उद्दीन तृतीय प्रदीप नौटियाल, 5000 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग प्रथम स्थान सपना रावत, द्वितीय स्थान मंजू, तृतीय स्थान पर प्रिया रही। इस मौके पर स्टेडियम प्रभारी संदीप डुकलान, बॉक्सिंग कोच श्याम सिंह डांगी, प्रो. एमडी कुशवाहा, प्रो. आदेश कुमार, प्रो. आशा देवी, प्रो. पीएन यादव, प्रो. आरएस चौहान, प्रो. अमित जायसवाल, डॉक्टर अभिषेक गोयल, डॉ. सुषमा थेलेडी, डॉ. अनीता बिष्ट, डॉ. विजय बहुगुणा, डॉ. योगिता, डॉ. रोशनी असवाल, मीडिया प्रभारी डॉ. ऋचा जैन, डॉ. डीएस चौहान, डॉ. सीमा, डॉ. किशोर चौहान, डॉ. वंदना चौहान, डॉ. अरुणिमा, डॉ. नीता भट्ट, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. सुरेखा घिल्डियाल, डॉ. रंजना, डॉ. तृप्ति दीक्षित, डॉ. अंशिका बंसल, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. अंकेश, डॉ. ममता रावत, डॉ. उर्मिला राणा, डॉ. नेहा कुकरेती, डॉ. पूनम गैरोला, डॉ. अंजू थपलियाल, डॉ. दया किशन जोशी, डॉ. रश्मि बहुखंडी, डॉ. भारती, डॉ. किमोठी, शेखर मैठाणी, सुनैना शर्मा, आशीष चार्ल्स, डॉक्टर ज्ञानेश, विमल त्यागी, अंजलि बडोला आदि मौजूद थे।


राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में चल रही खेल प्रतियोगिताएं के तहत दौड़ में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करती प्राचार्य प्रो.जानकी पंवार।

## 4.29 लाख से होगा तीन मोटर मार्गों का निर्माण

श्रीनगर गढ़वाल : देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी की पहल पर शासन की ओर से राज्य योजना के तहत विकासखंड देवप्रयाग के गुरू देवल सलेथी–पंवार गांव, चपोली–भैस्वाड़ी व कीर्तिनगर ब्लाक के स्यालसौड़–बणतोलीखाल नैलचामी मोटर मार्गों के निर्माण की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इन मोटर मार्गों का निर्माण करीब 4 करोड़ 29 लाख के बजट से किया जाएगा। मोटर मार्गों की स्वीकृति मिलने पर लाभान्वित होने वाले गांवों के लोगों ने विधायक का आभार प्रकट किया है।


विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि 27 फरवरी को इन मोटर मार्गों के निर्माण का शासनादेश जारी कर दिया गया है। कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से मोटर मार्गों के निर्माण की मांग कर रहे थे। इन मोटर मार्गों का निर्माण होने से सबसे अधिक फायदा ढुंडसिर क्षेत्र के लोगों को होगा। स्यालसौड़–बणतोलीखाल नैलचामी मोटर मार्ग का निर्माण होने से क्षेत्र के करीब 40 से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ढुंडसिर, लोस्तु, बडियारगढ़, कीर्तिनगर व श्रीनगर के लोगों को नैलचामी पहुंचने के लिए पहले गडोलिया, घनसाली होते हुए 82 किमी. की दूरी नापनी पड़ती है। इस मोटर मार्ग के बनने से यह दूरी करीब 40 किमी. रह जाएगी। कहा आवाजाही आसान होने का फायदा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मोटर मार्गों का निर्माण कार्य पूरा हो इसका प्रयास किया जा रहा है। (एजेन्सी)

## स्वास्थ्य विभाग करेगा आशा कार्यकत्रियों की मॉनिटरिंग

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 1 से 6 मार्च तक मनाये जाने वाले महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह को सफल बनाने के लिए सौंपे गये दायित्वों का निर्वह्न करना सुनिश्चित करें। महिला लिंगानुपात में सुधार को लेकर जिलाधिकारी ने सीएमओ को आशा कार्यकत्रियों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये हैं। ताकि ऐसे इलाकों को चिन्हित किया जा सके जहां विगत महिनों में बालिकाओं की अपेक्षा अधिक बालक जन्में है। साथ ही उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या के प्राविधानों का सख्ती के अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

महिला सशक्तिकरण बाल विकास विभाग के तत्वाधान में अयोजित महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह की बैठक में जिलाधिकारी ने डीपीओ को निर्देश दिये कि इण्टरमीडिएट में अध्ययनरत बालिकाओं को सोशल मीडिया/साईबर ठगी, आत्मरक्षा, कैरियर काउन्सिलिंग, वित्तीय साक्षरता का शार्ट टर्म कोर्स करवाया जाए ताकि वे द्दढ़ता के साथ आगे बढ़ सके। उन्होंने शार्ट टर्म कोर्स के लिए प्रायोगिक तौर पर जनपद के 5 इण्टरमीडिएट विद्यालयों का चयन करने के निर्देश दिये है। इन विद्यालयों में बालिकाओं को सोशल मीडिया/साईबर ठगी, आत्मरक्षा, कैरियर काउन्सिलिंग, वित्तीय साक्षरता के प्रशिक्षण हेतु पुलिस, शिक्षा, खेल, बैंकर्स, समाज कल्याण विभाग को विषय विशेषज्ञ/मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने डीपीओ को निर्देश दिये कि जनपद में निवासरत दिव्यांग महिलाओं की सूची एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण वितरित कर लाभान्वित किया जा सके। डीएम ने विभागों में महिला सुरक्षा समिति बनाने, परित्यक्ता पेंशन, दीन दयाल किसान कल्याण व नन्दा गौरा योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, डीपीओ जितेन्द्र कुमार, डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सविता रानी, जिला शिक्षाधिकारी बैसिक रामेन्द्र कुशवाह, परियोजना अधिकारी उरेड़ा राजेश्वरी सिंह, एसआई पुलिस संध्या नेगी आदि उपस्थित थे।


महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह की बैठक लेते हुए डीएम डॉ. आशीष चौहान।

## प्रो. राकेश ढंयोंडी डीन नियुक्त

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के सेंटर फॉर माउंटेन टूरिज्म एंड हॉस्पटेलिटी स्टडीज के प्रो. राकेश कुमार ढंयोंडी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन नियुक्त हुए हैं। गढ़वाल विवि के कुलसचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 1 मार्च 2023 से तीन वर्ष तक वह बतौर डीन नियुक्त रहेंगे।

## पछुवादून को जल्द मिलेगी रेल यातायात की सुविधा

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शुरू किए गए सेल्फी अभियान के तहत मंगलवार को सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने बाड़वाला में कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी लेते हुए लोक सभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को कहा। बाड़वाला में पार्टी के प्रदेश मंत्री मातवर सिंह तोमर के आवास पर कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा देश अगले लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही सरकार बनाना चाहता है। मोदी के अगले कार्यकाल में भारत सामरिक और आर्थिक वैश्विक महाशक्ति बन जाएगा। इसके साथ ही देश का विकास इस तरह से हो जाएगा,

## होली पर्व को लेकर प्रशासन सर्तक, जांच को भेजे खाद्य पदार्थों के 14 सैंपल


खाद्य पदार्थ के सैंपल को सील करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग के कर्मचारी।

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन सर्तक हो गया है। खाद्य संरक्षा आयुक्त व जिलाधिकारी गढ़वाल के दिशा-निर्देशन पर होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग व खाद्य सुरक्षा विभाग निरंतर रूप से दुकानों की चैकिंग अभियान में जुटा है। चैकिंग के दौरान संबंधित विभागों द्वारा दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने सैंपल के लिए भेजे जा रहे हैं।

होली त्यौहार को मध्यनजर रखते हुए उपजिलाधिकारी चौबट्टाखाल संदीप कुमार के नेतृत्व में मंगलवार देर सांय को जखेटी, पैडुल, पाटीसैंण, बौंसाल, गुमखाल, जयहरीखाल सहित अन्य बाजारों में विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दुकानों से मैदा, बेसन, दूध, पनीर, मावा, चिप्स, गुजिया, चीनी, सूची सहित अन्य मिठाईयों के 14 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे। उपजिलाधिकारी ने दुकान स्वामियों को कहा कि दुकानों में नियमित रूप से साफ-सफाई रखें। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा ने जानकारी देते हुए बताया कि होली त्यौहार को देखते हुए तहसील प्रशासन, पुलिस व खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है। कहा कि टीम द्वारा होली त्यौहार को लेकर जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। होली त्यौहार में अधिक मात्रा में बिकने वाले खाद्य पदार्थों पर विशेष नजर रखी गई है व अन्य राज्यों से आने वाले आपूर्ति वाहनों का भी सघन चैकिंग कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एएस रावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत सिंह, रचना लाल, सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपेन्द्र सिंह अन्य उपस्थित थे।

## घर में घुसकर मारपीट, पांच पर केस



हरिद्वार । सिडकुल थाना क्षेत्र के मुल्की नगर में एक युवक के घर में घुसकर कई लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रजत पुत्र अजीत सिंह निवासी रावली महदूद ने शिकायत में बताया कि 26 फरवरी की शाम दुकान से काम करके अपने घर लौट रहा था। तब रास्ते में उसको दो लोगों ने घेर लिया। आरोप है कि उसने अपने कई दोस्तों को बुलाकर मारपीट की। किसी तरह छूटकर अपने घर पहुंच गया। आरोप है कि आरोपी लाठी डंडे और चाकू लेकर उनके घर में घुस आए। मारपीट करनी शुरू कर दी। इसमें उसे गंभीर चोट आई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह तनवार ने बताया कि तन्नू गिरी और अजय उर्फ अज्जू पुत्रगण राम कुमार निवासी मुल्की नगर रावली महदूद व नितिन पाल उर्फ दाडू पुत्र नामालुम निवासी ब्रहमपुरी रावली महदूद और दो अज्ञात के खिलाफ गाली गलौज मारपीट, और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिलेंडर के दाम बढ़ने पर आप ने किया प्रदर्शन




हरिद्वार । सिलेंडर के दाम बढ़ने पर आप के नेताओं ने हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में हाथों में सिलेंडर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है। सरकार लगातार गैस–पेट्रोल के दाम बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह से महंगाई का दानव लगातार अपना मुंह फैलाता जा रहा है उससे जल्दी ही भारत में श्रीलंका जैसे हालात होने की आशंका बनती दिखाई दे रही है। प्रदर्शन करने वालों में संदीप कुमार, नरेश कुमार, अंशुल शर्मा, सुभाष सैनी, अमरीश गिरी, अंकुर बावड़ी, अमित कुमार, शमशाद, खलील राणा, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### चोरों ने बैटरियां चोरी कर ई रिक्शा नहर में फेंकी

हरिद्वार । बहादराबाद थाना क्षेत्र से चोरी हुई ई–रिक्शा की बैटरियां पुलिस को कलियर नहर के पास से मिली है। आरोपी ई– रिक्शा चुराकर उनकी बैटरियां निकाल कर रिक्शा को नहर में फेंक दिया था। बहादराबाद–कलियर नहर में पुलिस ई रिक्शा को तलाशने में जुटी है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सिडकुल निवासी देवाजीत कुशवाहा पुत्र बाबूलाल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ ई–रिक्शा चोरी होने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर की। शक के आधार पर पुलिस ने लोगों से हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की।

## व्यापारियों ने वैश्यावृत्ति में लिप्त महिलाओं को भगाया

हरिद्वार । महालक्ष्मी व्यापार मंडल ने नगर कोतवाली प्रभारी को क्षेत्र में वेश्यावृत्ति बंद कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। नाराज व्यापारियों ने सूचना मिलने पर शिवमूर्ति क्षेत्र से वैश्यावृत्ति में लिप्त महिलाओं को भगा दिया। व्यापारियों ने वैश्यावृत्ति पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की मांग की।बुधवार को शहर अध्यक्ष राजीव पाराशर ने बताया कि हरिद्वार में शिवमूर्ति से लेकर वाल्मीकि चौक के बीच वैश्यावृत्ति चल रही है।

आरोप लगाया कि हरिद्वार रेलवे रोड पर सरेआम कुछ महिलाएं राह चलते लोगों को इशारें करती हैं। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों द्वारा विरोध करने के बावजूद इस पर रोक नहीं लग रही है। इससे व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है।इस मौके पर महामंत्री अमन शर्मा, महालक्ष्मी व्यापार मंडल के अध्यक्ष विष्णु अरोड़ा, महामंत्री जतिन सोढी, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी विष्णु शर्मा, संयोजक सुनील तलवार, वरिष्ठ कोर कमेटी के सदस्य संजय चौहान, विकास चंद्रा, केतन सहगल, माटू, दीपक शर्मा, सन्नी सक्सेना, दीपू फतलानी, अरशद, आशू, सोनू, रामनाथ, अमित ननकानी आदि मौजूद रहे।

## मरीज बढ़ने पर सीएमएस ओपीडी में बैठे



रुडकी। सिविल अस्पताल में सीएमएस डॉ. संजय कंसल ने ओपीडी में बैठकर मरीज देखे। अस्पताल में सर्जन, फिजिशियन सहित सात डॉक्टरों का अनुबंध समाप्त हो गया। मरीज उपचार को भटकने लगे। सीएमएस ने प्रशासनिक काम छोड़कर ओपीडी में मरीज देखे। सीएमएस की ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़ लगी रही।सिविल अस्पताल में फिजिशियन डॉ. अर्पित सैनी, सर्जन डॉ. विवेक लूंबा, डॉ. नैनियो सहित सात ईएमओ का अनुबंध खत्म हो गया। बुधवार को इन डॉक्टरों की ओपीडी बंद रही। मरीजों की भीड़ होने की सूचना सीएमएस डॉ. संजय कंसल को मिली।इसके बाद वह कार्यालय के प्रशासनिक काम छोड़कर ओपीडी में बैठ गए। करीब चालीस मरीज उनकी ओपीडी के बाहर खड़े रहे। एक बजे के आसपास मरीजों की संख्या कम हुई। इसके बाद सीएमएस ने कार्यालय में जाकर प्रशासनिक काम निपटाए।

### अवैध खनन में डंपर समेत चार वाहन सीज

हरिद्वार । अवैध खनन की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने एक डंपर, तीन ट्रैक्टर ट्रॉली और एक लोडर टेंपो को सीज किया है। बुधवार को तहसीलदार रेखा आर्य और उनकी टीम में शामिल राजस्व उपनिरीक्षक देवेश घिल्डियाल, आशीष ममगाई, निदोष, सुनील और सचिन ने ये कार्रवाई की है। देवेश घिल्डियाल ने बताया कि खनन माफियाओं की ओर से खनन करने के लिए नए नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। जैसे सवारी में प्रयोग किए जाने वाले टेंपो को मोडिफाइ करके लोडर के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खनन करने वाले मौके से फरार हो गए हैं।

## श्रद्धा, विश्वास और समर्पण ही भगवान से मिलन का माध्यमः डॉ चिन्मय पण्ड्या

हरिद्वार । देवसंस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि जब–जब धर्म, अध्यात्म व संस्कृति कराहती है, अकुलाती है, तब–तब प्राणी मात्र के कल्याण व मंगल करने के लिए विविध रूपों में भगवान धरती पर आते हैं। उन्होंने कहा कि साधकों की श्रद्धा, विश्वास और समर्पण ही भगवान से मिलन का माध्यम बनता है। यह बात उन्होंने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में बुधवार को पांच दिवसीय राष्ट्रीय सक्रिय कार्यकर्ता शिविर का शुभारंभ के दौरान कही।

कार्यक्रम की शुरुआत साधक का सविता को अर्पण, शिष्यों का गुरु को समर्पण भक्ति संगीत से हुआ। इस मौके पर पण्ड्या ने कहा कि साधक, शिष्यों की साधना जितनी बलवती होगी, उसी रूप में भगवान की कृपा व आशीष मिलता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रद्धा, निष्ठा एवं समर्पण से ही भक्त प्रह्लाद के जीवन की रक्षा हुई। श्रीकृष्ण ने मीरा को जहर से बचाया। उसी तरह आज भी भगवान अपने शिष्यों को बचाते हैं। शैफाली पण्ड्या ने नारी जागरण की दिशाधारा एवं महिला सशक्तिकरण के विविध पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. गोपाल शर्मा ने किया। इस मौके पर शांतिकुंज व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवप्रसाद मिश्र, राष्ट्रीय जोनल समन्वयक डॉ. ओपी शर्मा, प्रो. विश्वप्रकाश त्रिपाठी, प्रो. प्रमोद भटनागर, गुजरात जोन समन्वयक उदय किशोर मिश्र मौजूद रहे।

### सिलेंडर के बढ़े दाम वापस लें

रुडकी। विधायक वीरेंद्र जाती ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर बढ़ती महंगाई में आग में घी डालने का काम किया है। जनता पहले से ही महंगाई से त्रस्त है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपये और कमर्शियल गैस सिलेंडर पर 350 रुपये बढ़ाए गए हैं।

## आयुर्वेद पर बढ़ा विश्व का विश्वास : जोशी

हरिद्वार । ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में बुधवार को ट्रांजिशनल क्योरिकलेम फॉर बीएएमएस स्टूडेंट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. सुनील कुमार जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र–छात्राओं को अनुशासित और समयबद्ध तरीकों से आयुर्वेद की शिक्षा ग्रहण करनी है, ताकि छात्र–छात्राएं अभिभावकों, संस्था, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें।

मालवीय भवन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. जोशी ने कहा कि आयुर्वेद के प्रति विश्व का विश्वास बढा है। कोरोना काल के दौरान वैश्विक महामारी से सुरक्षित रहने के लिये आयुर्वेद से लोग रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ा पाये। आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है जिस पर उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण करने के बाद विशेषज्ञ बनकर जन समाज की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस मौके पर प्रो. डॉ. दिनेश चन्द्र सिंह, प्रो. डॉ. नरेश चौधरी, प्रो. डॉ. अजय कुमार गुप्ता, असि. प्रो. डॉ. पियूष वर्मा, डॉ. राजेश आदि उपस्थित रहे।

### तीन तलाक के बाद विवाहिता को दी हत्या की धमकी

हरिद्वार । दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को तीन तलाक देने और मारपीट कर हत्या की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति समेत ससुरालियों पर केस दर्ज किया है।पुलिस के मुताबिक ज्वालापुर निवासी युवती का निकाह रुड़की निवासी युवक से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और सास व देवर, जेठ सभी ने दहेज को लेकर ताने मारने शुरू कर दिए। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर गाली–गलौज करते हुए मारपीट की गई।आरोप है कि विरोध करने पर तीन बार तलाक बोलकर उसे छोड़ दिया और हत्या कर देने की धमकी दी। पीड़िता परेशान होकर पुलिस के पास पहुंची और तहरीर दी।

### एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू


हरिद्वार । एचईसी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वंयसेवकों का सात दिवसीय शिविर नवजीवन जूनियर हाईस्कूल नूरपुर पंजनहेडी में शुरू हुआ। एचईसी संस्थान के डायरेक्टर डॉ. अंशुल शर्मा, ग्राम प्रधान प्रदीप चौहान ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर की शुरूआत की। स्वंयसेवी गार्गी अनेजा, दिव्या यादव, अहाना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। परविन्दर सिंह, प्रियांशी, मनन मल्होत्रा, अहाना चौधरी, अंजली ने एक नुक्कड नाटिका का मंचन किया।

## गंगा स्वच्छता को लेकर निकाली रैली



हरिद्वार । भूपतवाला स्थित राजकीय महाविद्यालय में भारत जी–20 के तहत सर्वानंद घाट पर गंगा स्वच्छता अभियान को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय परिसर से सर्वानंद घाट तक रैली निकाली गई। इस दौरान श्रमदान कर घाट को स्वच्छ बनाया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार शुक्ला ने सभी छात्र–छात्राओं को बताया कि गंगा हमारी मां है और उनकी स्वच्छता का ध्यान रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। पार्षद कैलाश भट्ट ने कहा कि युवाओं को इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। अभियान के संयोजक डॉ. किरण त्रिपाठी एवं सह संयोजक डॉ. स्मिता बसेरा ने समस्त छात्र छात्राओं को एकत्रित कर महाविद्यालय परिसर में संगोष्ठी आयोजित की। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. युवराज, डॉ. भगवती प्रसाद पुरोहित, डॉ. अजय उनियाल, डॉ. शकुंज राजपूत, डॉ. रूबी तबस्सुम, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. प्रियंका परमार,डॉ. आराधना सक्सेना, डॉ. विशाल शर्मा एवं आदित्य गौड़, सन्नी, गौरव गिरी मौजूद रहे।

## चारधाम यात्रा में हाईवे पर पुलिस रहेगी सक्रियः एसएसपी



नई टिहरी। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि टिहरी पुलिस ने चारधाम यात्रा तैयारियां पूरी कर ली हैं। राजस्व का बड़ा हिस्सा पुलिस को मिल जाने और स्टाफ की कमी के बाद भी यात्रा तैयारी मजबूत है। चारधाम यात्रा के लिए बाहर से आने वाले यात्रियों व पर्यटकों की टिहरी पुलिस यात्रकाल में पूरी मदद करेगी।

एसएसपी भुल्लर ने बुधवार को यात्रा तैयारियों को लेकर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान जनपद टिहरी गढ़वाल में 6 एसडीआरएफ की सब टीम काम करेंगी। 2 आपदा चौकियों में जाजल और बछेली खाल चलाई जाएगी। इसके अलाव सीजनल चौकी चिरबटिया का संचालन यात्रा शुरू होने से दो सप्ताह पूर्व किया जाएगा। चारधाम यात्रा के लिए जो पंजीकरण किए जा रहे हैं। बद्रीनाथ व केदारनाथ धाम जाने वाले यात्रियों के पंजीकरण का निरीक्षण तपोवन के समीप व गंगोत्री व यमुनोत्री धाम जाने वाले यात्रियों के पंजीकरण का निरीक्षण भद्रकाली पुलिस चौकी के सामने सुनिश्चित किया जाएगा।

यात्रा के दौरान आपदाओं से निपटने के लिए आपदा उपकरणों की रिर्हसल पुलिस ने कर ली है। इसके अलावा जल पुलिस को भी यात्राकाल में मजबूत करने के लिए प्रभावी उपकरणों की व्यवस्था की गई है। डीएम डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में हर माह आयोजित होने सड़क सुरक्षा की बैठक में ब्लैक स्पाट चयनित कर सड़कों को गड्ढा व दुर्घटना मुक्त बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। दुर्घटनाओं को देखते हुए राजमार्ग वाले हिस्सों पर पुलिस की सक्रियता यात्रकाल में तेज की जाएगी।

### सुमाड़ी से चार छात्रों का सैनिक स्कूल के लिए चयन

रुद्रप्रयाग। केदार वैली चिल्ड्रन एकेडमी सुमाड़ी तिलवाड़ा से चार छात्रों ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी प्रवेश परीक्षा क्वालीफाई करने पर क्षेत्रीय अभिभावकों और शिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्राचार्य बीपी सती ने बताया कि सैनिक स्कूल के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के क्वालीफाई राउंड में अमूल्य रावत पुत्र दिनेश सिंह, प्रिया पंवार पुत्री मेघपाल सिंह, कुमारी आरुषि नेगी पुत्री अनिल सिंह, अनन्या मैठाणी पुत्री रजनीश मैठाणी ने सैनिक स्कूल द्वारा आयोजित परीक्षा क्वालीफाई की है।

## नई टिहरी में कनिष्ठ सहायक परीक्षा 12 केंद्रों पर होगी

नई टिहरी। कनिष्ठ सहायक परीक्षा–2022 अन्य जनपदों के साथ जनपद टिहरी गढ़वाल में आगामी पांच मार्च को आयोजित करवाई जाएगी। परीक्षा 11 से 1 बजे के बीच संपन्न होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू की गई है।

परीक्षा को लेकर नोडल अधकारी एडीएम रामजी शरण ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ वर्चुअली बैठक आयोजित की। बैठक में बताया कि परीक्षा के लिए जनपद में 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। एसडीएम टिहरी को जोनल मजिस्ट्रेट तथा 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं।

जनपद क्षेत्रान्तर्गत 12 परीक्षा केंद्रों में 2 हजार 688 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा समाप्ति के पश्चात गोपनीय पैकेट्स को पोस्ट ऑफिस के माध्यम से उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग हरिद्वार को भेजा जाएगा। जिसके लिए अधीक्षक डाकघर टिहरी प्रखंड नई टिहरी को इस कार्य के लिए मुख्य पोस्ट ऑफिस नई टिहरी के संबंधित स्टाफ सहित चार डिस्पेज काउन्टर को उपस्थिति सहित खोलने को कहा गया है। एडीएम ने गोपनीय परीक्षा सामग्री को कोषागार से प्राप्त करने से लेकर परीक्षा केंद्रों में हस्तगत कराए जाने तथा परीक्षा समाप्ति पर पोस्ट ऑफिस में जमा करने तक को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों व सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके साथ ही कंट्रोल रूम बनाने, तीन सदस्यीय उड़नदस्ता टीम बनाने तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रधानाचार्य व केन्द्र व्यवथापकों के सम्पादित की जाने वाली कार्यवाही से संबंधितों को अवगत कराया गया।

## देवप्रयाग महाविद्यालय में तीन दिवसीय योग शिविर शुरू



नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत तीन दिवसीय योग शिविर शुरु हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि छात्र–छात्राओं को जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में खुद को स्थापित करने के लिये कठोर परिश्रम करना चाहिए,साथ ही तकनीकी रूप में अपडेट भी रहना चाहिए।

विधायक ने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम केवल सभा और गोष्ठियों तक सीमित न रहे गंगा की स्वच्छता के लिए वास्तविक प्रयास किये जाने चाहिए। विधायक ने देवप्रयाग महाविद्यालय को 10 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। महाविद्यालय के टॉपर छात्र छात्राओं को भारत दर्शन कार्यक्रम में सम्मिलित करने की बात भी कही। राजकीय महाविद्यालय नैखरी तथा देवप्रयाग के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता को ग्यारह हजार देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि पतंजलि गुरुकुल मूल्यागांव की प्रधानाचार्य साध्वी देव श्रुति जी ने छात्र–छात्राओं को योग का महत्व बताया और निरोगी जीवन हेतु रोज योग करने को कहा।

देवप्रयाग प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने महाविद्यालय की आधार भूत समस्याओं से विधायक को अवगत करवाया।

### भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी : पंवार

रुद्रप्रयाग। भाजपा के जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने कहा कि भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा करता है। यही कारण है कि बिना किसी पहुंच के ही सामान्य कार्यकर्ता बड़े पदों तक पहुंच जाता है।रुद्रप्रयाग पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विशुद्ध रूप से निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि वह सामन्य कार्यकर्ता की तरह ही पार्टी से जुड़े थे, और निस्वार्थ रूप से कार्य करते करते हुए आज पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष के रूप में सेवा करने का सौभाग्य दिया है।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

## खाद्य संरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों के 11 सैंपल लिए



नई टिहरी। होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने मुनिकीरेती, ढालवाला और तपोवन क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया। जिसमें कुल 27 दुकानों का निरीक्षण कर खुले चावल और रिफाइंड तेल सहित 11 खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गये। खाद्य कारोबारियों को जागरूक करते हुए खुला तेल न बेचने और मिलावटी सामग्री से बचने की हिदायत दी गई।

खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग के जिला अभिहित अधिकारी एमएन जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि होली के त्यौहार को देखते हुए मिलावटी खाद्य सामग्री को हतोत्साहित करने के लिए जनपद के मुनिकीरेती, ढालवाला और तपोवन क्षेत्र में गहन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान संदेह के आधार पर रिफाईंड आयल, खुला चावल, मिठाई, दूध, दूध पदार्थ व चीनी पाउडर सहित 11 सैंपल लिये गये। सैंपलों को जांच के रूद्रपुर लैब भेजा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को पर्याप्त साफ–सफाई रखने के अलावा खाद्य मानकों की जानकारी रखने को कहा गया। खाद्य सामग्री के निर्माण व उपभोग की तिथि के अनुसार ही खाद्य सामग्री बेचने को कहा गया। एक्सपायरी व मिलावटी सामग्री न बेचने की हिदायत दी गई। लापरवाह खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की सख्त हिदायत दी गई। खाद्य कारोबारियों को फूड सैप्टी डिस्प्ले बोर्ड, लाईसेंस व रजिस्ट्रेशन चस्पा करने को भी कहा गया। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य निरीक्षक शारदा देवी भी मौजूद रही।

# सरकार ऊर्जा क्रांति लाने को प्रयासरत : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अनुकूल मौसम होने के कारण उत्तराखण्ड में सौर ऊर्जा से संबंधित परियोजनाएं विकसित करने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार सौर ऊर्जा के अपार संसाधनों के उचित प्रयोग से प्रदेश में "ऊर्जा क्रांति" लाने के लिए प्रयासरत है। उत्तराखंड के दुर्गम क्षेत्रों में ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूर्ण करने हेतु सौर ऊर्जा अत्यंत प्रभावी साबित हो सकती है। सौर ऊर्जा का किफायती दरों पर उपलब्ध होना पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों के लिए अत्यंत फायदेमंद हो सकता है। यही वजह है कि दुर्गम क्षेत्रों में सौर ऊर्जाा का प्रयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आई.आई.टी रूड़की में सौर ऊर्जा पर



आधारित 'पेरोवस्काइट सोसाइटी ऑफ इण्डिया मीट–2023' में खटीमा से वर्चुअल प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देकर ऊर्जा के क्षेत्र में पूर्ण सुरक्षा और स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य के प्रत्येक घर तक बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो। इसे पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विज्ञान के क्षेत्र में रूचि रखने वाले महानुभाव सेमिनार के माध्यम से उत्तराखंड में सौर ऊर्जा के कुशल संचालन हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव देंगे। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार एक रोडमैप विकसित करने में मददगार साबित होगा। जिससे हम उत्तराखण्ड राज्य के साथ-साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष में सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, आई.आई.टी रूड़की के निदेशक प्रो. केके पन्त, सेमिनार के संयोजक प्रो. सौमित्र सतपति एवं विभिन्न प्रदेशों से आये वैज्ञानिक उपस्थित थे।

## सांसद बोले शिशु मंदिर आदर्श शिक्षा के केंद्र

पौड़ी : शिशु मंदिर धुमाकोट का वार्षिकोत्सव समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि शिशु मंदिर नैतिक मूल्यों के साथ आदर्श शिक्षा के केंद्र हैं। सुदूर क्षेत्रों में अच्छी शिक्षा व्यवस्था के साथ शिशु मंदिर सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतरीन काम कर रहे हैं। ब्लाक प्रमुख प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरविंद रावत, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी, उपाध्यक्ष मनोज खर्कवाल, सह विभाग कार्यवाह संजय, जिला प्रचारक नरेश जी, प्रवोधन प्रमुख मनवर, विभाग बौद्धिक प्रमुख नरेश सौराड़ी, शिशु मंदिर नैनीडांडा के प्रधानाचार्य हरीश, शिशु मंदिर भौन के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, आचार्य सुरेंद्र, धनपाल, कल्पना, गीता, संजना, विनीता, प्रिया, दीक्षा आदि मौजूद रहे।

## लोस चुनाव में उत्तराखण्ड की पांचों सीटें जीतेगी भाजपा : तीरथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने भाजपा नैनीडांडा मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करे। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचाने में जुटें। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में में भी उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर जीत दर्ज होगी व भारी बहुमत से केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

मंडल अध्यक्ष शशि ध्यानी की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आयोजित भाजपा संगठन की बैठक में सांसद तीरथ सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जुटना होगा। क्षेत्र के लोगों की बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, कृषि बागवानी, पशुपालन आदि से संबंधित समस्याओं के समाधान की हर संभव कोशिश करनी होगी। आम लोगों से जुड़कर उनकी हर समस्या के समाधान के प्रयास करने होंगे। बैठक में महामंत्री सुनील चौहान, महामंत्री तेजपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रशांत कुमार बछवाण, जेष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्क उप प्रमुख रेखा देवी, जिला महामंत्री दीनदयाल कण्डारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकीर्ण नेगी, वरिष्ठ कार्यकर्ता जोगेश्वर प्रसाद शाह, कमला कण्डारी, एमडी रावत, संजय गौड़, मडंल उपाध्यक्ष मनोज खर्कवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष विमलानन्द गौड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष पटवाल, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीनदयाल भदूला, कमलेश ध्यानी, सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल रावत, आई टी प्रमुख आशीष पटवाल, सोशल मीडिया प्रभारी दीनू चतुर्वेदी, शक्ति केन्द्र संयोजक व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्रतियोगिताएं छात्रों के बैद्धिक विकास में सहायक

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर में सोशल मीडिया हमें असामाजिक बना रहा है विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने सोशल मीडिया के फायदे व नुकसान गिनाते हुए अपना पक्ष रखा। मौके पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के बौद्धिक विकास में सहायक हैं। उन्होंने छात्रों से ऐसे आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित छात्र–छात्राएं देहरादून में 17–18 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। संचालन प्रो. प्रशांत कंडारी, डा. नीतिश बौंठियाल व डा. नरेश कुमार ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डा. महेंद्र बाबू, डा. राकेश नेगी, डा. कपिल पंवार रहे। (एजेन्सी)

## मई माह में होगा भागवत यज्ञ

**कोटद्वार** : दुगड्डा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम सभा जौरासी में भागवत यज्ञ के आयोजन को लेकर आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय किया गया कि मई माह में मां बालक्वांरी देवी मंदिर प्रांगण में भागवत यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। समिति अध्यक्ष चंडी प्रसाद कुकरेती ने कहा कि यज्ञ में प्रवासी और स्थानीय ग्रामीण अपना–अपना योगदान देंगे। इस पर सभी ग्रामीणों ने अपनी सहमति जताई। बैठक में ग्राम प्रधान सीमा देवी, उप प्रधान मनोरमा नौटियाल, क्षेपंस प्रकाश कंडवाल, अशोक कुकरेती और सोहन लाल सहित सभी ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों को जनता तक पहुंचाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल मुख्यालय में कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश बिष्ट ने कार्यकर्ताओं को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की गलत नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने को कहा है।

बुधवार को कांग्रेस कमेटी के बीरोंखाल कार्यालय में आयोजित बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में बोलते अध्यक्ष जगदीश बिष्ट ने सभी कार्यकर्ता को लोकसभा चुनावों के लिए अभी से भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की नाकामियों को आम लोगों तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करें। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने राज्य सरकार में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर पहुंच गए हैं जनता आने वाले लोकसभा चुनावों में इन्हें करारा जबाव देगी। उन्होनें केंद्र सरकार पर भी निशाना सादते हुए कहा कि केंद्र सरकार हर महीने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है जिसके कारण आम लोगों का घर की बजट गड़बड़ा जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख राजेश कंडारी, डॉ. जेएस नेगी, अनुसूचित जिलाध्क्ष कांता, बचन सिहं नेगी, महिपाल शाह, हेमराज प्रियब्रत, विजय कुमार पुरी, बलबीर रावत आदि मौजूद थे। संचालन नंद किशोर नौटियाल ने किया।

## श्रीनगर में 6 मार्च को होगा होलिका दहन

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में इस बार होली के त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। यहां होलिका दहन की तैयारियां भी जोरों पर है। होली कार्यक्रम के संयोजक सतीश पुरी ने बताया कि 3 मार्च को साढ़े नौ बजे सुबह ढोल नगाड़ों और पूजा अर्चना के साथ झंडी काटी जाएगी। जिसके बाद नगर का भ्रमण कर रामलीला मैदान में झंडी को स्थापित किया जाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीए/जीएसयू/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि **16.03.2023** है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन **16:00** बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या विनांक | 21-GSU-MB-22-23-LT 01.03.2023 |
| कार्य का नाम | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Amroha Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 16/03/2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2210337.87 |
| धरोहर राशि | 44200.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02/03/2023 |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 01.03.2023 656/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## प्रो. नेगी को मिला भूगोल शास्त्र भूषण अवार्ड

श्रीनगर गढ़वाल : दक्कन ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. महावीर सिंह नेगी को प्रतिष्ठित भूगोल शास्त्र भूषण अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया।

शिक्षण शोध एवं लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय साउथ बिहार के कुलपति प्रो. के.एन सिंह जो दक्कन ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी हैं उपस्थित रहे।

इसके साथ ही सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी प्रो. बीसी वैद्य, कुलसचिव बनारस हिंदू विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष भूगोल बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के साथ ही देश विदेश के बहुत ही प्रतिष्ठित भूगोलवेत्ता तथा शोध छात्र भी मौजूद रहे। गढ़वाल विश्वविद्यालय केभूगोल विभाग की ओर से इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भूगोल विभाग के वरिष्ठ प्रो. बीपी नैथानी, असिस्टेंट प्रो. चेतराम स्वेलेश अंसारी तथा शोध छात्र मनीष, गौरव, विकास रावत, आदर्श पंत, अमित शर्मा, मनदीप, नेत्रपाल भास्कर, सिद्धार्थ राणा अंजलि, ज्योति यादव ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने प्रो. महावीर सिंह नेगी एवं भूगोल विभाग को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। (एजेन्सी)

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

श्रीनगर गढ़वाल : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भक्तियाना का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

नंदा देवी गीत नृत्य, शंभू भोलेनाथ.., लेजी डांस व अन्य गढ़वाली लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति पर छात्रों के साथ दर्शक भी झूम उठे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य लखपत सिंह भंडारी, सह प्रदेश निरीक्षक विनोद सिंह रावत, संभाग निरीक्षक भगवती प्रसाद चमोला, प्रधानाचार्य प्रहलाद किशोर नौटियाल, विनय घिल्डियाल, कमलेश नैथानी, भुवनेश बमराड़ा आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## वाद विवाद में कुलदीप, रिया अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : नमामि गंगे एवं यूसर्क के तत्वावधान में स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान संकाय द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। कार्यक्रम के तहत वाद विवाद प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष के कुलदीप सिंह व रिया ने क्रमश पहला व दूसरा स्थान पाया। कार्यक्रम की रूपरेखा नमामि गंगे नोडल अधिकारी डा. विवेक रावत ने प्रस्तुत की। उन्होंने विज्ञान दिवस के उद्देश्य के बारे में बताया। मिथक और रोजमर्रा के विज्ञान की वास्तविकता विषय पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल ने दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बारे में बताया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. नीरज असवाल, नरेश चंद्र, अनिल ध्यानी, सुरेंद्र सिंह नेगी, निर्णायक मंडल डा. बिपेंद्र सिंह रावत, डा. सुधीर सिंह रावत, डा. दुदुन मेहता आदि शामिल थे।


**उत्तर रेलवे**

**उत्तर रेलवे, मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की भर्ती**

सूचना सं. HE/Med/HVS/2023 दिनांक: 27.02.2023

भारत के राष्ट्रपति व उनकी ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ0रे0, मुरादाबाद द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में स्पेशलिस्ट चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अग्रलिखित स्पेशलिसिटीज में **04** ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं–**ऑर्थे पिडिशियन, रेडियोलॉजिस्ट, पीडियैट्रिशियन, एवं ऑटोलेरेंगोलोजिस्ट (ई.एन.टी.)।**

**नियम व शर्तें:**

1. **शैक्षिक योग्यता व अनुभव:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की डिग्री अथवा डिप्लोमा तथा संबंधित स्पेशिलिटी में 03 वर्ष का अनुभव।
2. **आयु :** पहली बार भर्ती होने की स्थिति में 30 वर्ष से 64 वर्ष की बीच। आगामी नियमन/एक्सटेंशन के लिए आयु सीमा 65 वर्ष तक।
3. **वर्तमान में मानदेय की दरें:**

| ड्यूटी के घंटे | मानदेय की दरें |
|---|---|
| प्रत्येक सप्ताह में 06 दिनों के लिए 02 घण्टे प्रतिदिन | 52000/- प्रतिमाह |
| प्रत्येक सप्ताह में 04 दिनों के लिए 02 घण्टे प्रतिदिन | 32000/- प्रतिमाह |
| प्रत्येक सप्ताह में 02 दिनों के लिए 02 घण्टे प्रतिदिन | 16000/- प्रतिमाह |

| ड्यूटी के घंटे | मानदेय की दरें |
|---|---|
| प्रत्येक सप्ताह में 06 दिनों के लिए 04 घण्टे प्रतिदिन | रूपये 78000/- प्रतिमाह |
| प्रत्येक सप्ताह में 04 दिनों के लिए 04 घण्टे प्रतिदिन | रूपये 48000/- प्रतिमाह |
| प्रत्येक सप्ताह में 02 दिनों के लिए 04 घण्टे प्रतिदिन | रूपये 24000/- प्रतिमाह |

4. **मुफ्त रेलवे पास:** स्वयं, पत्नी/पति व आश्रित बच्चों के लिए भारतीय रेलवे व कोंकण रेलवे में राजधानी एक्सप्रेस सहित सभी ट्रेनों में ए.सी. टू टियर हेतु तथा शताब्दी एक्सप्रेस में ए.सी. कुर्सी यान हेतु एक सैट मानार्थ सुविधा पास। सेलेक्शेन ग्रेड के अधिकारी के अनुरूप प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में पास नियमों के अनुसार सुविधा पास देय होंगे।
5. **कार्यकाल:** प्रत्येक बार में सिर्फ एक वर्ष के लिए ही कार्यकाल रहेगा। एक वर्ष की अवधि समाप्त होने पर आयु सीमा के अंतर्गत वार्षिक आधार पर एक्सटेंशन दिया जाएगा।
6. अन्य नियम व शर्तें रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2014/H-1/12/8/HVS/Policy दिनांक 19.06.2018 के अनुसार रहेंगीं। संबंधित प्रपत्र व आवेदन पत्र उत्तर रेलवे की वेबसाईट **https//nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
7. लिस्ट में चुने गए डाक्टरों को सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के बाद ही समयानुसार सूचित किया जाएगा।
8. पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र व संबंधित कागजात एक सीलबंद लिफाफे में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में रखे गए बॉक्स में डालें अथवा ईमेल के माध्यम से **cmsmbnr59@gmail.com** भेजें।
9. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समयः दिनांक **15.02.2023** को दोपहर **17 बजे** तक।


मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उत्तर रेलवे
मुरादाबाद मंडल

647/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# चोरों ने पार्षद की जीप उड़ाई, टायर निकालकर जंगल में छोड़ी... जांच में जुटी पुलिस

ऋषिकेशः ऋषिकेश के अपर गंगा नगर क्षेत्र से बुधवार की अलसुबह एक मैक्स जीप चोरी हो गई। नगर निगम के पार्षद गुरविंदर सिंह की जीप के ड्राइवर ने अपने घर के पास जीप खड़ी कर रखी थी। सुबह जैसे ही वह उठा तो मौके पर जीप नहीं थी। बाद में यह वाहन एआरटीओ कार्यालय के समीप बरामद किया गया, जिस के सभी टायर चोर ले गए थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नगर निगम के पार्षद गुरविंदर सिंह गुर्री का मैक्स वाहन अखबार ड्यूटी के लिए लगा था। चालक ने वाहन को अपर गंगा नगर स्थित अपने घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह जैसे



ही अखबार ड्यूटी के लिए वह वाहन के पास पहुंचा तो वाहन मौके पर नहीं था। उन्होंने तुरंत ड्राइवर ने अपने मालिक पार्षद गुरविंदर सिंह गुर्री को इसकी सूचना दी। गुरविंदर सिंह पुलिस ड्राइवर के साथ कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने तुरंत वायरलेस कर आसपास के थाना क्षेत्र में इसकी सूचना दी।

इस बीच सूचना मिली की कि एक गाड़ी एआरटीओ ऑफिस के सामने जंगल में खड़ी है। गुरविंदर सिंह गुर्री एआरटीओ कार्यालय श्यामपुर बाईपास मार्ग के सामने जंगल में पहुंचे तो उनकी मैक्स जीप वही खड़ी थी। लेकिन जीप में नए टायर गायब थे। उसके अलावा टूलबॉक्स भी गयाब था। गुरविंदर सिंह ने बताया कि पास ही एक ट्रक भी खड़ा था। जिस का ताला तोड़कर चोरों ने उसमें से दो सिलेंडर भी चोरी कर लिए। कोतवाली पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी देखने के बाद पता लगा कि अलसुबह 2:22 मिनट पर अपर गंगानगर क्षेत्र से जीप चोरी हुई है। एसओजी देहात टीम की मदद से पुलिस अन्य सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## बिजनौर की टीम ने नहीं होने दी संयुक्त पैमाइश

रुडकी। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद मोहनावाला के पास यूपी सीमा पर विवादित जमीन की पैमाइश नहीं हुई। लक्सर तहसील प्रशासन ने बिजनौर की टीम के अधिकारियों पर पैमाइश नहीं होने देने का आरोप लगाकर डीएम को रिपोर्ट भेज दी है।

लक्सर तहसील के मोहनावाला बादशाहपुर की सीमा बिजनौर के हिम्मतपुर बेला गांव से लगती है। यहां पर करीब चार हजार बीघा जमीन को लेकर किसानों और प्रशासन में विवाद है। मोहनावाला के प्रधान विकिंत कुमार की याचिका पर हाईकोर्ट ने 28 फरवरी तक दोनों तरफ की संयुक्त टीम को पैमाइश के आदेश दिए थे। टीम ने 25 फरवरी से पैमाइश शुरू की थी लेकिन पैमाइश पूरी नहीं हो पाई है।एसडीएम गोपालराम बिनवाल का कहना है कि बिजनौर की टीम ने पैमाइश नहीं होने दी। बिजनौर की टीम इस पर कब्जे के लिए हिम्मतपुर बेला का नया बंदोबस्त कर रही है। टीम पैमाइश में व्यवधान डालने के लिए पहले से तैयार होकर बिजनौर के कई थानों की पुलिस और पीएसी लेकर आई थी। उनके दखल से पैमाइश नहीं हुई।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2022-23/TN-14 दिनांक : 01.03.2023

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-18-TRD-MB-22-23 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल पर रोजा स्टेशन के लेआउट सुधार के संबंध में टीआरडी कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 23.03.2023 at 15.00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | रू. 59,67,537.22/– (18% GST सहित) |
| बिड सिक्यूरिटी (रू) | रू. 1,19,400/– |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (रू) | शून्य |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 45 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 6 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

658/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नफरत की राजनीति फैलाकर भाजपा की सरकारें समाज को तोडने का कर रही हैं कामः नवप्रभात

विकासनगर। कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा दूसरे दिन यमुना पुल पहुंची। जहां कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। जमुना पुलिस यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों को निकली। इस मौके पर आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा कि जब से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें गठित की गयी हैं, तब से नफरत की राजनीति फैलाकर समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यात्रा समाज को जोड़कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना है।

# कांग्रेस पार्षदों ने की नगर निगम की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

हरिद्वार । कांग्रेस पार्षद दल ने मुख्य नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर नगर निगम की भूमि से प्रेम प्रकाश आश्रम का कब्जा हटाने की मांग की है।

कब्जा नहीं हटाए जाने पर पार्षदों ने आंदोलन की चेतावनी दी।कांग्रेस के पार्षदों का आरोप है कि एक आश्रम के सामने स्थित नगर निगम की भूमि पर चारों ओर टीनशेड लगाकर आश्रम द्वारा अतिक्रमण किया गया है। निगम की भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए ताकि इस भूमि का नगर निगम हित में उपयोग किया जा सके। पार्षद सुहेल अख्तर ने कहा कि सौन्दर्यकरण के नाम पर आश्रम ने नगर निगम की उक्त भूमि पर अतिक्रमण कर लिया है। बोर्ड बैठक में भी इसका विरोध किया गया था। इसके बावजूद कब्जे को नहीं हटाया जा रहा है। भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर आश्रम प्रबंधन के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की । पार्षद उदयवीर सिंह चौहान एवं महावीर वशिष्ठ ने कहा कि कुछ भाजपा पार्षद आश्रम द्वारा किए गए अतिक्रमण को जायज बताते हुए निगम के हितों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद मेहरबान खान, जफर अब्बासी, शौकीन गोड़, पुनीत कुमार मौजूद रहे।


**कार्यालय सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बैजरो**

E Mail ID :- eepwdbaijro01@gmail.com, & eepwdbaijro@rediffmail.com

पत्रांक - 105/17 ए0सी0 दिनांक- 01/03/2023

**कोटेशन नोटिस**

समस्त वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय कार्यों के सम्पादन हेतु निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरो में एक बोलेरो टैक्सी डीजल वाहन जो कि न्यूनतम 07 सीटर हो, की आवश्यकता है। डीजल वाहन आज की तिथि से 3 वर्ष से अधिक पुराना ना हो। वाहन को प्रतिदिन किराये पर रखे जाने हेतु सील बन्द कोटेशन दि0 09.03.2023 को प्रातः 11:00 बजे से 3:00 बजे तक इस कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। कोटेशन इसी तिथि को सांय 3:30 मिनट पर खोली जायेंगी। कोटेशन डालने से पूर्व विस्तृत शर्तों का अवलोकन सूचना पट्ट या इसी कार्यालय में देखी जा सकती हैं। कोटेशन में दरे चालक सहित जी0एस0टी0 रहित एवं डीजल रहित डाली जायें। प्राप्त कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत कने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

**सहायक अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**बैजरो गढ़वाल।**


# मुकदमों की विवेचनाओं में तेजी लाएं–एसएसपी

रुडकी। एसएसपी अजय सिंह ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ दरोगाओं और सिपाहियों से कार्बाइन खुलवाकर वापस जोड़ने और इसे लोड करवा कर देखा। सभी ने सफलता से इसे करके दिखाया। उन्होंने मुकदमों की विवेचना में तेजी लाने की हिदायत दी।एसएसपी के कोतवाली पहुंचने पर गारद ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद उन्होंने कोतवाली के शस्त्रों और दूसरी संपत्ति का निरीक्षण किया। शस्त्र साफ सुथरे और चालू हालतं में थे। अभिलेखों और मुकदमों से संबंधित माल के रखरखाव, कोतवाली परिसर और मेस की साफ सफाई पर भी एसएसपी ने संतुष्टि जताई। इसके बाद उन्होंने कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह, एसएसआई अंकुर शर्मा व अन्य दारोगाओं की बैठक लेकर मुकदमों की विवेचनाओं की जानकारी ली। उन्होंने मुकदमों की विवेचना में तेजी लाने की हिदायत दी। कहा कि मामूली मारपीट, झगड़ा, आबकारी अधिनियम, अवैध शस्त्र अधिनियम, दहेज उत्पीड़न जैसे मुकदमों को बिना वजह लटकाने के बजाय जल्दी इनकी जांच पूरी की जाए।

सम्पादकीय

## माफियाओं से निपटने का सही अंदाज

किसी भी प्रदेश की कानून व्यवस्था का प्रबंधन कैसा होना चाहिए यह उस प्रदेश सरकार पर निर्भर करता है। अपराधीकरण से ग्रसित राज्य ना केवल विकास मैं पिछड़ जाते हैं बल्कि ऐसे प्रदेशों में औद्योगिक विकास से लेकर नागरिकों की सुरक्षा में प्रसूति लग जाते हैं। किसी भी राज्य प्रशासन के लिए अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण करना कोई मुश्किल काम नहीं है लेकिन उसके लिए जरूरी है एक मजबूत इच्छाशक्ति और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई। उत्तर प्रदेश में इन दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तेवर कुछ इसी प्रकार नजर आ रहे हैं जोकि अपराधियों एवं माफियाओं के मन में खौफ पैदा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का माफियाओं को षमिट्टी में मिला देने वालाष बयान सोशल मीडिया पर खूब धूम मचा रहा है तो उन्होंने अपने इस बयान को चरितार्थ करके भी दिखाया। अपराध के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने वाले मुख्यमंत्री के तौर पर आज योगी आदित्यनाथ पहचाने जाते हैं। प्रयागराज में उमेश पाल की दिनदहाड़े हुई हत्या से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर मुख्य विपक्षी दल एवं नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा में सवाल उठाएं तो योगी आदित्यनाथ ने उमेश पाल के हत्यारों के खिलाफ ऐसा जवाब दिया जिससे ना केवल हत्या में शामिल बदमाश मंकी घटना का पूरा ताना-बाना बुनने वाले एवं इस से संबंध रखने वाले माफियाओं के पैरों तले जमीन खिसक गई। ना केवल एक शूटर को मार गिराया गया बल्कि माफिया अतीक अहमद की अचल संपत्ति बुलडोजर की भेंट चढ़ने लगी। दिनदहाड़े आतंक मचाने वाले बदमाश अब अपनी जान बचाने के लिए भूमिगत हो चुके हैं लेकिन उत्तर प्रदेश पुलिस की 10 टीमें इन सभी शूटरों को जमीन के भीतर से भी खोज निकालने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। साफ है कि इस प्रकार की कार्रवाई माफियाओं एवं बदमाशों पर तभी अपना असर छोड़ सकती है जब राज्य प्रशासन ऐसा करने की हिम्मत जुटा सके। उत्तर प्रदेश की राजनीति मैं बाहुबली अतीक अहमद एवं मुख्तार अंसारी जैसे लोग राजनीतिक संरक्षण से आतंक का माहौल पैदा करते रहे। सत्ता बदली लेकिन तेवर नहीं बदले, मुगालते में रहे की बदमाशी एवं हिंसा का खेल अभी भी चलता रहेगा और सरकार साथ बैठी रहेगी। लेकिन इस बार दांव उल्टा पड़ गया हालांकि एक निर्दोष व्यक्ति की जान चली गई लेकिन इसके बाद जो एक्शन उत्तर प्रदेश सरकार ने लिया वह उन सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के लिए एक मिसाल है जो अपराधियों को राजनीतिक शरण देने को सरकार चलाने के लिए जरूरी समझते हैं। कुख्यात एवं दुर्दांत माफियाओं पर सिर्फ बातों से व चेतावनी से लगाम नहीं कसी जा सकती बल्कि उसके लिए अब शायद ऐसा ही व्यवहार और प्रक्रिया अमल में लानी चाहिए, जो योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में नजर आ रही है। समाज में आतंक का माहौल पैदा करने वालों को खुली टूट नहीं दी जा सकती। राजनीतिक शरण में माफिया यदि राजनीतिक प्रभाव एवं कानून की आड़ में यदि बचाव के रास्ते ढूंढ निकालते हैं तो यही कानून राज्य सरकारों को अपराधियों एवं अपराध के खात्मे का रास्ता भी दिखाता है।

# मातृभाषा: शिक्षा की आधारशिला

**धर्मेंद्र प्रधान**

भारत एक बहुभाषी देश है। इसके विभिन्न भागों में ढेर सारी भाषाएं बोली जाती हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित बाईस भाषाओं और दस हजार से अधिक वक्ताओं द्वारा बोली जाने वाली निन्यानबे भाषाओं के अलावा, कई अन्य ऐसी भाषाएं एवं मातृभाषाएं हैं जो छोटे भाषाई समुदायों के बीच बोली जाती हैं। यह भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक अंतर्निहित गुण है कि हम कई भाषाओं का उपयोग करते हैं और उसका आनंद लेते हैं। भाषाएं हमें जोड़े रखती हैं। हमारी सारी विविधताएं केवल बाहर से दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तव में हम एक हैं। इस विविधता का उत्सव हम एकता में मनाते हैं।

फरवरी को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इस वर्ष के संस्करण में च्बहुभाषी शिक्षा- शिक्षा में बदलाव की जरूरतज् विषय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। यूनेस्को की नीति के अनुरूप, हम मातृभाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं। यह न सिर्फ सभी स्तरों पर शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारे देश की समृद्ध भाषाई, सांसतिक एवं ज्ञान परंपराओं के बारे में संपूर्ण जागरूकता को भी विकसित करेगा।

जैसाकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है, हम बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं और इसकी सुविधा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सामने आने के बाद, इस बात पर बहुत चर्चा हुई है कि शिक्षा देने की भाषा क्या होगी। यहां हमें एक वैज्ञानिक तथ्य को समझना होगा कि भाषा शिक्षा का माध्यम होती है, वह संपूर्ण शिक्षा नहीं है। बहुत अधिक किताबी ज्ञान में फंसे लोग अक्सर इस अंतर को समझने में विफल रहते हैं। बच्चा जिस भी भाषा में आसानी से सीख सके, उस भाषा को ही शिक्षा का माध्यम होना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) बहुभाषावाद को बढ़ावा देने की वकालत करती है और शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया में भाषा की शक्ति पर प्रकाश डालती है। यह नीति मातृभाषा के उपयोग को शामिल करके आजीवन एक समान शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी ला सकती है क्योंकि मातृभाषा पर आधारित बहुभाषी शिक्षा को हमारी शिक्षा प्रणाली का एक प्रमुख घटक होना चाहिए। हम पाठ्यक्रमों और कक्षाओं में मातृभाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल देते हैं। लंबे समय तक उपनिवेशीकरण के कारण, हमने भारतीय भाषाओं और उनकी समृद्ध भाषाई परंपराओं की उपेक्षा की है। हमें अपने मन को गुलामी से मुक्त करना होगा, अपने गुलामी के रवैये से टुटकारा पाना होगा और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए अपना रास्ता खुद बनाना होगा। एनईपी प्रारंभिक बचपन की देखभाल व शिक्षा के सार्वभौमिकरण और सभी भारतीय भाषाओं में सीखने पर जोर देता है।

मातृभाषा संवाद का सच्चा साधन है, जोकि हमारी पहचान का मूल आधार है व हमारे व्यक्तित्व का एक अविभाज्य अंग है और हमें इसे कभी नहीं खोना चाहिए क्योंकि यह हमारे अस्तित्व के समृद्ध सांसतिक ताने-बाने को वहन करता है। आजीवन सीखने के परिपेक्ष्य में और विभिन्न संदर्भों में शिक्षा को बदलने की दृष्टि से बहुभाषावाद की क्षमता अच्छी तरह से स्थापित है। अपनी मातृभाषा में ज्ञान और जानकारी का उपयोग कर पाने या उस तक पहुंच सकने में सक्षम न हो पाना व्यक्तित्व के विकास और बौद्धिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है। हमें माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षकों को अपने बच्चों को मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए




ताकि उनकी मातृभाषा स्कूल की अन्य भाषाओं के साथ-साथ विकसित हो। यह न सिर्फ शिक्षार्थियों को उनकी अपनी भाषा में अकादमिक साक्षरता विकसित करने में सहायता करेगा बल्कि विभिन्न अवधारणाओं को समझने और अन्य भाषाओं को सीखने में भी समर्थ बनाएगा।

भारत की बहुभाषी प्रति की दृष्टि से स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करना जरूरी है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि स्कूल के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करने को अतिरिक्त भार नहीं माना जाता है। कई अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि मातृभाषा के माध्यम से दी गई प्राथमिक शिक्षा बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं को सबसे बेहतर तरीके से विकासित करती है और बुनियादी साक्षरता कौशल को अर्जित करने एवं जटिल अवधारणाओं की समझने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। दूसरे शब्दों में, अपनी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे अपने शैक्षिक आधार का निर्माण दूसरी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की तुलना में बेहतर तरीके से करते हैं। शिक्षा के माध्यम के रूप में सिर्फ किसी एक खास भाषा का उपयोग न सिर्फ कई बच्चों को उनकी अपनी मातृभाषा के मामले में निरक्षर बनाता है, बल्कि यह उस खास भाषा में भी निम्नतर स्तर की उपलब्धि को बढ़ावा देता है। स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने और शिक्षा में ठहराव आने के मामले में भी भाषा एक प्रमुख कारक है।

हमारे देश के जटिल भाषाई परिदृश्य को स्वीकार करते हुए, हम कक्षा एवं शिक्षार्थियों की भाषा के मामले में प्रवीणता और शिक्षण में उच्च स्तर के कौशल पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मातृभाषा-आधारित बहुभाषी शिक्षा व्यवस्था को लागू करने जा रहे हैं। मातृभाषा पर खास जोर देते हुए बच्चों को विभिन्न भाषाओं से परिचित कराया जाएगा, जिसकी शुरुआत बुनियादी स्तर से होगी। संवैधानिक प्रावधानों और लोगों, क्षेत्रों एवं संघ की आकांक्षाओं तथा बहुभाषी शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, त्रि-भाषा नीति को लागू किया जाना जारी रहेगा। ये तीन भाषाएं, जिनमें मातृभाषाएं और स्थानीयध्क्षेत्रीय भाषाएं शामिल होंगी, छात्रों, क्षेत्रों और राज्यों की पसंद पर आधारित होंगी। स्कूली विषयों सहित उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें मातृभाषाओं में उपलब्ध कराई जायेंगी और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जायेंगे कि मातृभाषा के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा च्आकांक्षीज् बने।

बच्चों के लिए दूसरी भारतीय भाषाओं को सीखना आसान है क्योंकि सभी भारतीय भाषाएं भारतीय भाषा परिवार नाम की एक ही भाषा-परिवार से जुड़ी हैं। भारत की शास्त्रीय भाषाओं को सीखने से साहित्य और भारतीय ज्ञान प्रणालियों के समृद्ध भंडार तक पहुंच संभव हो सकेगी। भारतीय भाषा माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से न सिर्फ भारत में शिक्षा की जड़ें मजबूत होंगी, बल्कि भारत की सांसतिक एकता भी मजबूत होगी क्योंकि संसति और भाषा अविभाज्य हैं। मातृभाषा-माध्यम वाली शिक्षा को गति देने और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक उत्प्रेरक साबित होगा। हम भारत की मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा को समर्थन देने में कोई कसर नहीं

**भारत की बहुभाषी प्रति की दृष्टि से स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करना जरूरी है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि स्कूल के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करने को अतिरिक्तभार नहीं माना जाता है। कई अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि मातृभाषा के माध्यम से दी गई प्राथमिक शिक्षा बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं को सबसे बेहतर तरीके से विकासित करती है और बुनियादी साक्षरता कौशल को अर्जित करने एवं जटिल अवधारणाओं की समझने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। दूसरे शब्दों में, अपनी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे अपने शैक्षिक आधार का निर्माण दूसरी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की तुलना में बेहतर तरीके से करते हैं। शिक्षा के माध्यम के रूप में सिर्फ किसी एक खास भाषा का उपयोग न सिर्फ कई बच्चों को उनकी अपनी मातृभाषा के मामले में निरक्षर बनाता है, बल्कि यह उस खास भाषा में भी निम्नतर स्तर की उपलब्धि को बढ़ावा देता है। स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने और शिक्षा में ठहराव आने के मामले में भी भाषा एक प्रमुख कारक है।**

# पतली कमर चाहते हैं तो वर्कआउट में शामिल करें ये ट्विस्ट एक्सरसाइज



कमर के आस-पास जमा अतिरिक्त चर्बी कम करने के तरीके खोज रहे हैं तो अपनी दिनचर्या में कम कैलोरी युक्त खाद्य पदार्थों के साथ-साथ ट्विस्ट एक्सरसाइज जरूर शामिल करें। ट्विस्ट एक्सरसाइज कमर की कैलोरी को तेजी से जलाने और कोर की मांसपेशियों को मजबूती देने में मदद कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त इनसे आकर्षक एब्स भी बन सकते हैं। आइए आज हम आपको ट्विस्ट एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं।

### रशियन ट्विस्ट

सबसे पहले जमीन पर बैठकर पैरों को सामने की ओर खोले और शरीर को सिट-अप की मुद्रा में लाएं। अब पैरों को जमीन से लगभग इंच ऊपर उठाएं और घुटनों को मोड़ें। इसके बाद पेट के सामने दोनों हाथों से मेडिसिन बल रखें और अपनी कोहनियों को मोड़ें। पीठ को सीधा रखते हुए मेडिसिन बल पकडकर सबसे पहले बाईं ओर लाएं और फिर से दाईं ओर ले जाएं। इस तरह से एक रेप्स होगा। ऐसे ही - रेप्स करें।

### क्रिस क्रस

सबसे पहले पीठ के बल लेटकर पैरों को ऊपर उठाएं। अब दोनों हाथों को सिर के पीटे रखते हुए सिर और कंधों को ऊपर उठाएं। इसके बाद दाएं पैर को फैलाएं और साथ ही शरीर के ऊपरी हिस्से को बाईं ओर मोड़ते हुए प्रारंभिक स्थिति में वापस आएं। अब बाएं पैर को फैलाकर शरीर के ऊपरी हिस्से को दाईं ओर मोड़ें और बाएं कोहनी को दाएं घुटने से टूने की कोशिश करें। इसी तरह - रेप्स करने का प्रयास करें।

### ट्विस्टेड नी प्लैंक

इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले अपने शरीर को हाई प्लैंक अवस्था में रखें। अब दाहिने तरह के कूल्हे को फर्श की ओर लाएं और अब सेंटर की तरफ वापस लौट जाएं। इसके बाद दाईं कोहनी की ओर बाएं घुटने को खींचे। अब इस अवस्था में कुछ देर के लिए रहें, फिर धीरे-धीरे सामान्य प्लैंक की अवस्था में आ जाएं। अंत में बाई कोहनी की ओर दाएं घुटने को लाएं। इस एक्सरसाइज को - सेकंड तक दोहराएं।

### रोटेटर डिस्क ट्विस्ट

इसके लिए सबसे पहले रोटेटर डिस्क को जमीन पर रखें। अब उस पर पैर रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़ते हुए हाथों की मुि यां बनाकर उन्हें अपनी छाती के करीब लाएं। यदि आप असंतुलित महसूस कर रहे हैं तो कुर्सी या दीवार के पिछले हिस्से को पकड़ें। इसके बाद पैरों को पहले दाईं ओर फिर बाईं ओर घुमाएं। ऐसे एक रेप्स होगा। इसी तरह एक्सरसाइज के - रेप्स करें।

### माउंटेन क्लाइंबर

माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज के लिए पहले जमीन पर घुटनों के बल बैठें और फिर दोनों हथेलियों को जमीन पर रखें। अब दोनों पैरों को पीटे की ओर सीधा कर लें। इसके बाद दाएं पैर के घुटने को मोड़ें और इसे छाती की ओर लाएं। इसके बाद इसे सीधा करें। जब आप दाएं पैर को सीधा करें तो बाएं पैर के घुटने को छाती की ओर लाएं। ऐसे एक रेप्स पूरा होगा और इसी तरह से रेप्स पूरे करें।

# चीन की पहलकदमियां

पिछले साल अप्रैल में चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने वैश्विक विकास पहल की धारणा पेश की थी। अब चीन ने वैश्विक सुरक्षा प्रस्ताव को पेश किया है। चीन का दावा है कि नया प्रस्ताव वैश्विक शांति और सुरक्षा के संबंध में उसकी मूल अवधारणाओं का दस्तावेज है।

विश्व व्यवस्था के प्रति अपना नजरिया रखने का सिलसिला चीन जारी रखे हुए है। इसके पीटे कारण संभवतरू उसकी यह सोच है कि अब दुनिया को अपने नजरिए से प्रभावित करने में वह सक्षम हो चुका है। पिछले साल अप्रैल में चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) की धारणा पेश की थी। अब चीन ने वैश्विक सुरक्षा प्रस्ताव (जीएसआई) को पेश किया है। चीन का दावा है कि नया प्रस्ताव वैश्विक शांति और सुरक्षा के संबंध में उसकी मूल अवधारणाओं और सिद्धांतों का दस्तावेज है। हाल ही में जर्मनी के म्युनिख में सुरक्षा सम्मेलन में चीन के केंद्र सरकार के विदेश मामलों के आयोग के प्रभारी वांग यी ने कहा था कि एक सुरक्षित दुनिया के लिए विभिन्न देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा था कि एक सुरक्षित दुनिया के लिए हमें बातचीत और परामर्श के जरिए विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर देना चाहिए। एक सुरक्षित विश्व के लिए हम सभी को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों की ओर लौटना होगा।

इन बातों को जीएसआई में भी दोहराया गया है। नए चीनी विदेश मंत्री चिन गांग ने कहा है उनका देश बातचीत और परामर्श को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करेगा, सभी पक्षों की चिंताओं को दूर करेगा और सभी की सुरक्षा के रास्ते तलाश करेगा। अगर चीन का सचमुच यही इरादा है, तो इस प्रस्ताव को स्वागतयोग्य दस्तावेज माना जाएगा।

लेकिन आम शिकायत यह है कि चीन अब रूस के साथ मिल कर अपने ढंग की विश्व व्यवस्था बनाने के प्रयास में है। दुनिया को बहुत से देशों को आशंका है कि जैसा अब तक पश्चिमी देशों का वर्चस्व रहा है, चीन भविष्य वैसा ही अपना वर्चस्व कायम करने की कोशिश कर सकता है। इसलिए चीन हर पहल विवादित हो जाती है। इसलिए अगर चीन सचमुच वैश्विक सुरक्षा को उसी नजरिए से देखता है, जिसका बखान उसने अपने दस्तावेज में किया है, तो उसे बाकी दुनिया को भरोसे में लेने की कोशिश करनी चाहिए।

# अडानी और जेपीसी

**अजय दीक्षित**

भारत की आजादी के सालों में सिर्फ आठ बार संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन करना पड़ा है। वैसे विभिन्न मंत्रालयों की संसदीय स्थायी समितियों की व्यवस्था भी है। उनमें भी कई राजनीतिक दलों के सांसद होते हैं और सबसे वरिष्ठ सांसद को समिति का अध्यक्ष तय किया जाता है। स्थायी समितियां भी मंत्रालयों के भीतर की गतिविधियों और मंत्रालय से जुड़े विषयों का अध्ययन करती हैं और सरकार को सचेत करते हुए सुझाव भी देती हैं। संयुक्त संसदीय समिति किसी अपराध या घोटाले की साझा जांच करती है। जांच के दौरान वह देश के प्रधानमंत्री को भी तलब कर सकती है। यह एक अदालत का भी विशेषाधिकार है। प्रधानमंत्री रहते हुए पीवी नरसिंह राव को एक कथित आपराधिक मामले में अदालत ने अभियुक्त घोषित किया था।

बहरहाल ताजातरीन संदर्भ अडानी समूह की कंपनियों के बही-खातों में कथित हेराफेरी, फर्जी और बेनामी कंपनियों के निवेश और प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका से जुड़ा है। अभी तक कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं किया गया है। देश की स्वायत्त नियामक एजेंसियों ने भी किसी तरह के घोटाले की ओर संकेत नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस समेत विपक्ष का एक तबका लगातार जेपीसी की मांग कर रहा है। क्या एक विदेशी, जालसाज, सटोरिया कंपनी की रपट पर जेपीसी का गठन करना मुनासिब है? यह यक्ष प्रश्न हमारी व्यवस्था और देश के सामने मौजूद है।

दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान बोफोर्स तोप घोटाले और कथित दलाली के आरोप लगे थे। हालांकि एक विदेशी रेडियो ने अपनी खघ्बर में यह खुलासा किया था, लेकिन तत्कालीन वित्त मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और कुछ अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ बगावत की थी और यह मुद्दा उठाया था। इंडियन एक्सप्रेस और हिंदू सरीखे प्रतिष्ठित अखबारों ने भी रपटें छापी थीं, नतीजतन पहली बार अगस्त, में जेपीसी का गठन किया गया। दूसरी बार में हर्षद मेहता, केतन पारिख वाले बैंकिंग लेन-देन की अनियमितताओं पर जेपीसी गठित की गई। में स्टक मार्केट घोटाले के मद्देनजर जेपीसी की जांच कराई गई। एक निजी संगठन के अनुसंधान पर आधारित सफ्ट ड्रिंक्स और अन्य पेय पदार्थों में कीटनाशक के मामले में में जेपीसी का गठन करना पड़ा। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान जी स्पेक्ट्रम घोटाले और वीवीआईपी हेलीकप्टर खरीद मामले में में जेपीसी बिटाई गई। यह दीगर है कि अदालत ने जी का मामला ही खारिज कर दिया। अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी के साथ हेलीकप्टर करार की जांच अब भी जारी है। उसके बाद मोदी सरकार के दौरान में भूमि अधिग्रहण पुनर्वास बिल और में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के मामलों में जेपीसी का गठन किया गया। सभी जेपीसी जांचों के बावजूद ऐसा कोई ठोस और प्रत्यक्ष फैसला या निष्कर्ष सामने नहीं आया, जो भारत सरकार के खिलाफ हो अथवा हमारी स्थापित व्यवस्था को बदल सके।

अधिकांश जांचें बेनतीजा ही रहीं। दरअसल जेपीसी राजनीतिक ज्यादा होती है। जिस तरह बोफोर्स घोटाले का दुष्प्रचार किया गया और चुनाव में राजीव गांधी सरकार और कांग्रेस पराजित हो गई, लेकिन बाद में अदालत का फैसला आया कि कोई घोटाला नहीं हुआ। इसी तरह पेगासस जासूसी कांड पर कांग्रेस ने संसद की कार्यवाही को लगातार बाधित किया ।




**इंडियन एक्सप्रेस और हिंदू सरीखे प्रतिष्ठित अखबारों ने भी रपटें छापी थीं, नतीजतन पहली बार अगस्त, में जेपीसी का गठन किया गया। दूसरी बार में हर्षद मेहता, केतन पारिख वाले बैंकिंग लेन-देन की अनियमितताओं पर जेपीसी गठित की गई। में स्टक मार्केट घोटाले के मद्देनजर जेपीसी की जांच कराई गई। एक निजी संगठन के अनुसंधान पर आधारित सफ्ट ड्रिंक्स और अन्य पेय पदार्थों में कीटनाशक के मामले में में जेपीसी का गठन करना पड़ा। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान जी स्पेक्ट्रम घोटाले और वीवीआईपी हेलीकप्टर खरीद मामले में में जेपीसी बिटाई गई। यह दीगर है कि अदालत ने जी का मामला ही खारिज कर दिया। अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी के साथ हेलीकप्टर करार की जांच अब भी जारी है। उसके बाद मोदी सरकार के दौरान में भूमि अधिग्रहण पुनर्वास बिल और में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के मामलों में जेपीसी का गठन किया गया। सभी जेपीसी जांचों के बावजूद ऐसा कोई ठोस और प्रत्यक्ष फैसला या निष्कर्ष सामने नहीं आया, जो भारत सरकार के खिलाफ हो अथवा हमारी स्थापित व्यवस्था को बदल सके। अधिकांश जांचें बेनतीजा ही रहीं।**


# सिसोदिया का काम कौन संभालेगा?

दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन हवाला के मामले में गिरफ्तार होकर जेल गए तो उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उनका काम संभाला था। अब खुद सिसोदिया कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार होकर जेल चले गए हैं तो उनका काम कौन संभालेगा? सत्येंद्र जैन अभी जेल में ही हैं और इस बीच सिसोदिया भी जेल चले गए। दिल्ली सरकार के विभागों में से विभाग अकेले सिसोदिया संभाल रहे थे। उनके पास सारे बड़े और महत्वपूर्ण विभाग थे। वे दिल्ली के वित्त और गृह मंत्री दोनों थे। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडब्लुडी, बिजली सहित लगभग सारे अहम विभाग उन्हीं के पास थे।

सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार में इतनी भूमिका निभाने के साथ साथ वे पार्टी के विस्तार और रणनीति में भी बड़ी भूमिका निभाते थे। जैसा कि उन्होंने खुद कहा है कि वे छह सात महीने तक जेल में रह सकते हैं तो इस बीच पार्टी में उनके बदले राजनीतिक जिम्मेदारी कौन संभालेगा? अगले दो महीने में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उसके बाद साल के अंत में कई बड़े राज्यों में चुनाव हैं, जहां आम आदमी पार्टी को ताकत के साथ लडना है। सो, उनके जेल जाने से सिर्फ सरकार का कामकाज प्रभावित नहीं होगा, बल्कि पार्टी की राजनीति पर भी असर होगा।

बहरहाल, सवाल है कि क्या सिसोदिया के जेल जाने पर उनकी जिम्मेदारी अरविंद केजरीवाल संभालेंगे? ध्यान रहे केजरीवाल ने अपने पास कोई विभाग नहीं रखा है। वे बिना विभाग के मुख्यमंत्री हैं। लेकिन अब समय है कि वे आगे बढ़ कर सिसोदिया की जिम्मेदारी संभालें। अभी तत्काल सबसे बड़ी जरूरत बजट पेश करने की है। गौरतलब है कि सिसोदिया को सीबीआई ने फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था तब उन्होंने इस आधार पर एक हफ्ते का समय मांगा था कि वे बजट तैयार करने में बिजी हैं। उसके बाद सीबीआई ने उनको एक हफ्ते बाद फरवरी को बुलाया।

बजट का काम उन्होंने पूरा कर लिया है लेकिन उसे पेश कौन करेगा? कई राज्यों में मुख्यमंत्री बजट पेश करते हैं। हाल ही में राजस्थान में अशोक गहलोत ने बजट पेश किया। सो, वित्त मंत्री जेल में हैं तो कायदे से मुख्यमंत्री को बजट पेश करना चाहिए। लेकिन कहा जा रहा है कि शायद केजरीवाल यह जिम्मेदारी भी नहीं निभाएंगे। राज्य सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के बजट पेश करने की संभावना जताई जा रही है। अगर अब भी केजरीवाल दिल्ली सरकार के अहम मंत्रालयों का काम खुद नहीं संभालते



हैं तो उन पर सवाल उठेगा। उन पर जिम्मेदारियों से भागने का आरोप लगेगा। कहने की जरूरत नहीं है कि वे सत्येंद्र जैन की तरह मनीष सिसोदिया को भी बिना विभाग का मंत्री बनाए रखेंगे। यानी सरकार के पांच मंत्री बाहर और दो जेल में रहेंगे।

# डेविड मलान के शानदार शतकीय पारी से परास्त हुआ बांग्लादेश, इंग्लैंड को मिली 3 विकेट से जीत



नई दिल्ली,बांग्लादेश और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे मैच इंग्लैंड ने जीत लिया। मेजबान टीम के खिलाफ इंग्लैंड ने इस मैच को 3 विकेट से जीत लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम 47.2 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 209 रन बना सकी।

इसके जवाब में इंग्लैंड टीम ने 7 विकेट गंवाकर 48.4 ओवर में यह मुकाबला जीत लिया। इस मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान ने 114 रन की नाबाद तूफानी पारी खेली। इस शानदार पारी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया।

**बांग्लादेश की पारी**

बांग्लादेश की बल्लबाजी की बात करें तो 33 रन पर मेजबान टीम का पहला विकेट गिरा। सलामी बल्लेबाज लिटन दास 7 रन बनाकर क्रिस वोक्स की गेंद पर आउट हुए। बाग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल ने 23 रन की पारी खेली। तीसरे विकेट के लिए नजमुल होसैन शंटो और मुशफिकुर रहीम के बीच 44 रन की साझेदारी हुई। शंटो ने 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड, मोईन और आदिल राशिद ने 2–2 विकेट झटके।

**इंग्लैंड की पारी**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत ज्यादा अच्छी नहीं रही। जेसन रॉय महज 4 रन बनाकर आउट हुए।

100 रन तक टीम के 4 विकेट गिर चुके थे। हालांकि एक छोर से डेविड मलान टिके थे। मलान ने 145 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 114 रनों की पारी खेली। बांग्लादेश के तरफ से ताइजुल इस्लाम ने तीन और मेहदी हसन मिराज ने दो चटकाए।

# दूसरे दिन साउथ अफ्रीका का रहा दबदबा, मेजबान टीम को 179 रन की बढ़त

नई दिल्ली, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच सेंचुरियन में खेले जा रहा है। पहली पारी की बात करें तो वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को 342 रन पर ऑल आउट कर दिया।

वहीं, वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 212 रन बनाए। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया ने 36 रन देकर 5 विकेट झटक लिए। इसके अलावा कगिसो रबाडा और गेराल्ड कोएत्जी को भी 2–2 विकेट लिए। बता दें कि दूसरे दिन साउथ अफ्रीका का दबदबा रहा। साउथ अफ्रीका ने दिन में पारी की शुरुआत 314 रन के साथ की। इसके बाद 342 रन के स्कोर पर साउथ अफ्रीका टीम ऑल आउट हो गई। वेस्ट इंडीज की तरफ से अल्जारी जोसेफ ने पांच विकेट लिए।

**212 रन पर सिमट गई वेस्टइंडीज की पहली पारी**

342 के जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 58 के स्कोर पर ही दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए। क्रैग ब्रेथवेट को कगिसो रबाडा ने बोल्ड कर दिया। वहीं, तेजनरायण चद्रपॉल को जिराल्ड कॉट्जी ने आउट किया। इसके बाद रेयमन रेफर के 62 और ब्लैकवुड के 37 रन की बदौलत वेस्टइंडीज ने 100 के आंकड़े को पार किया। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी 212 रन पर सिमट गई।



**दूसरी पारी का हाल**

दूसरी पारी की बात करें तो साउथ अफ्रीका के चार विकेट महज 49 रन पर गिर गए। इस पारी में एडेन मार्करम ने नाबाद 35 रन की पारी खेली है। दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका को शुरुआती झटके लगे और डीन एल्गर 1, टोनी डी जोरजी 0 और तेंबा बावूमा 0 रन बनाकर आउट हो गए।

बता दें कि इस समय साउथ अफ्रीका के पास 179 रन की बढ़त है। अल्जारी जोसेफ ने दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के दो बल्लेबाज, कप्तान टेम्बा बावुमा और डीन एल्गर को आउट कर दिया।

# सचिन तेंदुलकर के साथ पार्टनरशिप करना चाहते हैं बिल गेट्स



नई दिल्ली, दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स की मंगलवार को मुलाकात हुई। सचिन तेंदुलकर ने मुंबई में हुई इस मुलाकात की जानकारी ट्विटर के जरिए साझा की। उन्होंने बिल गेट्स के साथ हुई मुलाकात की तस्वीरें भी साझा की। तस्वीरें में देखा जा सकता है कि सचिन तेंदुलकर की पत्नी अंजलि तेंदुलकर भी मुलाकात के दौरान मौजूद थीं।

ट्विटर पर तस्वीरें साझा करते हुए सचिन तेंदुलकर ने लिखा, 'दोनों के बीच परोपकार और बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल को लेकर बातचीत हुई। बता दें कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन आर्थिक रूप से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चों को सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है।

**हम सभी जीवन भर के लिए छात्र हैं:सचिन तेंदुलकर**

पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, 'अधिक विचार– विमर्श के जरिए ही दुनिया की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। बच्चों की स्वास्थ्य सेवा सहित, जिस पर हमारा फाउंडेशन काम करता है, परोपकार पर दृष्टिकोण हासिल करने के लिए आज का दिन सीखने का एक शानदार मौका था।' उन्होंने आगे कहा, 'हम सभी जीवन भर के लिए छात्र हैं। आपकी अंतर्दृष्टि के लिए बिल गेट्स का धन्यवाद।'

# भारत के सबसे सफल गेंदबाज को गावस्कर ने जमकर लगाई लताड़

नई दिल्ली,भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम पर पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पहली पारी केवल 33.2 ओवर में 109 रन पर सिमट हो गई ।वहीं, पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट खोकर 156 रन बनाए। मैच के पहले दिन रवींद्र जडेजा ने ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी चार विकेट चटके, लेकिन फिर भी पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उन्हें लताड़ लगा दी।

**ओवर स्टेप की वजह से लाबुशेन को मिला जीवनदान**

दरअसल, भारत की पारी समाप्त होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड 12 रन पर आउट हो गए। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने मार्नस लाबुशेन को अपना शिकार लगभग बना ही लिया था लेकिन, उन्हें नो बॉल (ओवरस्टेपिंग) की वजह से जीवनदान मिल गया।

बता दें कि इस इनिंग में जडेजा की यह दूसरी नो बॉल थी। इस घटना पर राहुल द्रविड भी काफी निराश दिखे। हालांकि, मार्नस लाबुशेन को रवींद्र जडेजा ने ही 31 रन क्लीन बोल्ड किया।

**नो बॉल की घटना पर गावस्कर हुए नाराज**

नो बॉल की घटना पर पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर भी काफी नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि रवींद्र जडेजा द्वारा नो बॉल फेंकना स्वीकार्य नही है। उनके पास कई मैन ऑफ द मैच पुरस्कार हैं, लेकिन एक स्पिनर नो बॉल फेंकता है.. ।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पारस म्हाम्ब्रे को उनके साथ बैठना होगा और जडेजा को क्रीज के पीछे से गेंदबाजी करनी होगी। ऐसे नो बॉल की वजह से भारत को भविष्य में भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।' बता दें कि पारस म्हाम्ब्रे इस समय भारतीय टीम के बॉलिंग कोच हैं।

# यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और ईस्वरन के शतक की बदौलत रेस्ट ऑफ इंडिया ने बनाया विशाल स्कोर

नई दिल्ली, ग्वालियर के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में मध्य प्रदेश बनाम रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच ईरानी कप का मुकाबला खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन रेस्ट ऑफ इंडिया टीम ने 3 विकेट खोकर 381 रन बनाए। पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक जड़ दिया। वहीं, अभिमन्यु ईश्वरन ने भी शतकीय पारी खेली।

नंबर 3 पर बल्लबाजी करने आए यशस्वी जायसवाल ने 259 गेंदों पर 213 रन की शानदार पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 30 चौके और 3 छक्के लगाए। इस मैच में जयशवाल शुरू से ही शानदार लय में दिखे। उन्होंने अपने फर्स्ट क्लास करियर का आठवां शतक 157 गेंदों में हासिल किया। बता दें कि जायसवाल ने 230 गेंदों में 200 रन का आंकड़ा छूआ। इस टूर्नामेंट का यह दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक है।



**नहीं चला कप्तान मयंक अग्रवाल का बल्ला**

वहीं, अगर बात करें अभिमन्यु ईश्वरन की तो उन्होंने 240 गेंदों पर 154 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 17 चौके और 2 छक्के लगाए। इस मैच में टॉस जीतकर रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बल्लेबाजी का फैसला किया। इस मैच में बल्लेबाजी की शुरुआत मयंक अग्रवाल और अभिमन्यु ईश्वरण ने की। हालांकि, कप्तान मयंक अग्रवाल महज 2 रन पर आउट हो गए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए यशस्वी जायसवाल और अभिमन्यु ईश्वरण के बीच 358 रनों की शानदार साझेदारी हुई।

## फिल्मी सफर

# ध्रुव तारा में अपने–अपने किरदारों के लिए खूब मेहनत कर रहे रिया शर्मा व ईशान धवन

टीवी कलाकार रिया शर्मा और ईशान धवन ने शो ध्रुव तारा– समय सदी से परे में अपने किरदारों में ढलने के लिए वर्कशॉप में भाग लेने के बारे में बात की, और बताया कि कैसे वर्कशॉप ने उनकी मदद की। रिहर्सल करने और एक साथ प्रैक्टिस करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए, सात फेरों की हेरा फेरी की एक्ट्रेस रिया ने कहा, वर्कशॉप मेरे लिए वास्तव में शानदार अनुभव था।



मुझे ईशान की एक्टिंग टेक्निक में इन्साइट प्राप्त करने और हमारी ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का मौका मिला। एक्ट्रेस ने कहा, मैं इस तरह की प्रतिभाशाली और मेहनती टीम के साथ सहयोग करने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली महसूस करती हूं।

हालांकि कार्यशालाओं की मांग थी, उन्होंने हमें एक प्यारा संबंध बनाने की इजाजत दी जो स्क्रीन पर भी दिखाई देती है, और हमें यकीन है कि वे ध्रुव और तारा के प्यार में पड़ जाएंगे। दूसरी ओर, ईशान, जो एक मॉडल और अभिनेता हैं, जिन्हें बेबाकी में हामिद और जिंदगी मेरे घर आना में कबीर जैसी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, ने बताया कि कार्यशाला में भाग लेना और रिया के साथ शो की शूटिंग करना कैसा रहा।


रिया के साथ काम करना अमेजिंग था, और वर्कशॉप एक शानदार शो बनाने की हमारी यात्रा का एक अभिन्न पहलू था। उन्होंने न केवल हमें अपनी अभिनय क्षमताओं को बढ़ाने की अनुमति दी, बल्कि उन्होंने हमें एक मजबूत बंधन बनाने में भी मदद की, जिससे हमें एक दूसरे के साथ सहज हैं।

मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि हमारे फैंस हमारे काम देखें और अपनी प्रतिक्रिया दें।ध्रुव तारा एक रोमांटिक ड्रामा है, कहानी ध्रुव और तारा के इर्द–गिर्द घूमता है, जो दो अलग–अलग युगों से हैं। तारा, 17वीं सदी की एक राजकुमारी है। समय के विपरीत यात्रा करते हुए वह वर्तमान समय में पहुंच जाती है, जहां उसकी मुलाकात ध्रुव से होती है।

इसमें ईशान धवन और रिया शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। ध्रुव तारा– समय सदी से परे सोनी सब पर प्रसारित होता है।

# ऋतिक रोशन ने शूरू की फाइटर के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग, दीपिका पादुकोण नहीं होंगी शामिल

अभिनेता ऋतिक रोशन मौजूदा वक्त में अपनी आगामी एक्शन फिल्म फाइटर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। एक अंदरूनी सूत्र ने खुलासा किया, ऋतिक रोशन हैदराबाद में कुछ हाई ऑक्टेन एक्शन सीन की शूटिंग करेंगे और सुपरस्टार उसी के लिए तैयार हैं। बहुत कम बार वह बॉडी डबल का उपयोग करेंगे। फाइटर के अपने तीसरे शेड्यूल में दीपिका उनके साथ शामिल नहीं होंगी। उन्होंने अपने शूट काफी हद तक पूरे कर लिए हैं।दीपिका और ऋतिक पहली बार एक साथ आ रहे हैं और उनके प्रशंसक इन दोनों की हॉट केमिस्ट्री देखने के लिए उत्साहित है। फाइटर के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ आनंद ने अपनी खुशी जाहिर की थी कि अब पठान की भारी सफलता के बाद उन्होंने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है और ऋतिक की इस फिल्म को एक तरह की फिल्म कहा है क्योंकि एक्शन दृश्य वास्तविक होंगे और केवल कुछ वीएफएक्स ब्लॉक का उपयोग किया जाएगा। यह पहली एरियल एक्शन फिल्म है और भारत में पहली बार इसे देखने के लिए प्रशंसक रोमांचित हैं। ऋतिक रोशन को आखिरी बार विक्रम वेधा में देखा गया था और आलोचकों और दर्शकों से बहुत प्यार और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन फाइटर अलग है और यह बॉक्स ऑफिस पर आतिशबाजी करेगी। फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म होगी। ऋतिक इसमें हवा में स्टंट करते नजर आएंगे। इस फिल्म को हिंदी समेत तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा।



# अली फजल, जेरार्ड बटलर अभिनीत हॉलीवुड फिल्म कंधार 26 मई को होगी रिलीज



अली फजल हॉलीवुड फिल्म कंधार में सह–कलाकार जेरार्ड बटलर के साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को आखिरकार रिलीज डेट मिल गई है। यह 26 मई, 2023 को स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पिछले साल डेथ ऑन द नाइल के बाद इस साल अली की यह पहली हॉलीवुड फिल्म होगी, जो रिलीज होने वाली है।

अली ने कहाः मैं बेहद एक्साइटिड हूं। जैसा कि मैं अपनी सभी फिल्मों को लेकर रहता हूं। मैं वादा कर सकता हूं कि फिल्म में एक्शन आर्ट स्टफ पहले कभी नहीं देखा होगा। रिक रोमन अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ रहे हैं। एक्टर ने कहा, टीम ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है।

जेरार्ड के साथ काम करना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है और चूंकि यह दुनिया भर में रिलीज हो रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं कि दुनिया भर के लोग इसका आनंद लेंगे। फिल्म कंधार की कहानी गेरार्ड बटलर द्वारा अभिनीत टॉम हैरिस, जो एक अंडरकवर सीआईए ऑपरेटिव है, के जीवन पर आधारित है। वह अफगानिस्तान में दुश्मनों के इलाके में फंसा होता है और बाहर निकलने के लिए लड़ाई करता है।

# काजल अग्रवाल ने शुरू की इंडियन 2 की शूटिंग, कमल हासन संग आएंगी नजर

साउथ एक्ट्रेस काजल अग्रवाल एक बार फिर चर्चा का विषय बन चुकी है। बीते वर्ष वह एक बेटे की मां बनी थीं। अब मैटरनिटी ब्रेक के उपरांत वह अपने काम पर वापस आ चुकी हैं। दरअसल, काजल अब कमल हासन की मूवी इंडियन 2 में दिखाई देने वाली है। उन्होंने मूवी की शूटिंग भी शुरू कर दी है। एक्ट्रेस ने अपनी एक फोटो साझा करते हुए इस बात की सूचना भी दी है। खबरों का कहना है कि काजल ने ट्विटर पर फिल्म के सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। हालांकि, उन्होंने फिल्म में अपने लुक का खुलासा नहीं किया। फोटोज में काजल ने अपने चेहरे को इमोजी की सहायता से छुपा लिया है। उन्होंने यह सूचना दी है कि वह इंडियन 2 की शूटिंग शुरू भी कर दिया है। कैप्शन में उन्होंने इंडियन 2 का हैशटैग लगा दिया है। बता दें कि काजल अग्रवाल मदरहुड का आनंद ले रही थीं। वह अपने परिवार और बच्चे के पालन–पोषण में व्यस्त थीं। अब दो वर्ष के उपरांत वह कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 में काम करने वाली है। जिसके पूर्व इंडियन 2 में अपनी भूमिका के लिए उन्होंने घुड़सवारी भी करती हुई दिखाई दी। घुड़सवारी का वीडियो फैंस के साथ शेयर करते हुए उन्होंने लंबे वक्त के बाद काम पर वापसी को लेकर लंबा नोट भी लिखा था। उन्होंने नोट में कहा था कि वह इंडियन 2 में काम करने को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हैं। अब वह कुछ नया सीखना चाहती हैं, जो उनके करियर के लिए बहुत अच्छा हो। फिल्म में सिद्धार्थ, गुलशन ग्रोवर, प्रिया भवानी शंकर, समुथिरकानी, बॉबी सिम्हा, गुरु सोमसुंदरम, दिल्ली गणेश, जयप्रकाश और वेनेला किशोर जैसे कलाकार भी शामिल हैं।



रकुल प्रीत सिंह भी इंडियन 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इंडियन 2 की शूटिंग 2019 में शुरू हुई थी, लेकिन सेट पर एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद शूटिंग को आगे खिसका दिया गया था।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com